


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल


■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 334

ग्वालियर, बुधवार 24 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## एलोपैथी के खिलाफ बयानबाजी से बाबा रामदेव की मुश्किलें बढ़ी, शीर्ष कोर्ट ने जबाव किया तलब



**नई दिल्ली।** योग गुरु बाबा रामदेव अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर चर्चा आ जाते हैं अब उन्होंने एलोपैथी और डॉक्टर्स पर खिलाफ बयानबाजी के चलते वे घिरते नजर आ रहे हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने मामले में रामदेव से सवाल किए हैं। साथ ही उन्हें स्पष्टीकरण देने के लिए भी कहा गया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी एलोपैथी के खिलाफ बोलकर लोगों को गुमराह नहीं करने की सलाह दी थी। मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आईएमए याचिका पर शीर्ष न्यायालय ने पतंजली आयुर्वेद और केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने एलोपैथी को बदनाम करते हुए विज्ञापन दिखाने पर सफाई मांगी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने मौखिक तौर पर कहा, %बाबा अपने सिस्टम को लोकप्रिय बना सकते हैं, लेकिन अन्य की आलोचना क्यों करना। हम उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने योग को लोकप्रिया बनाया है। लेकिन उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के बारे में गलत कहने से बचना चाहिए। सीजेआई की अगुवाई वाली बेंच ने सवाल किया, इस बात की क्या गारंटी है कि जिसका वह (बाबा रामदेव) पालन करते हैं, वह सबकुछ ठीक कर देगा। याचिका में आईएमए ने मॉडर्न मेडिसिन के खिलाफ जारी अभियान को नियंत्रित करने की मांग की थी। बाबा रामदेव ने अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन को लेकर कहा था कि वह वैक्सीन लेने के बाद भी कोरोनावायरस संक्रमण का शिकार हो गए। साथ ही उन्होंने इसे मेडिकल साइंस की असफलता भी बताया था। इसपर जस्टिलस अनूप जयराम ने कहा था, पहले की मैं इस बात से चिंतित हूं कि आयुर्वेद का अच्छा नाम खराब हो रहा है। मैं इसे लेकर चिंतित हूं। आयुर्वेद प्राचीन चिकित्सा का तरीका है। आयुर्वेद का नाम खराब करने के लिए कुछ भी न करें। उन्होंने कहा था, %दूसरा यहां लोगों के नाम लिए जा रहे हैं। इसके हमारे संबंधों, देश के संबंधों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय परिणाम हो सकते हैं।।। नेताओं का नाम लिया जा रहा है, जो विदेशी राष्ट्रों के साथ हमारे रिश्तों को प्रभावित कर सकते हैं। कई डॉक्टर एसोसिएशन्स ने एलोपैथी के खिलाफ दिए गए बयानों को लेकर रामदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## प्रियंका गांधी का सवाल, दागी मंत्रियों को कब तक बचाते रहेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' द्वारा किसान नेता राकेश टिकैत के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधकर सवाल किया कि वह दागी मंत्रियों को कब तक बचाते रहने वाले हैं।



उन्होंने किया, सत्ता के संरक्षण के नशे का असर देखिए ग्गृह राज्य मंत्री एक के बाद एक किसानों को अपमानित करने वाले बयान दिए जा रहे हैं। लखीमपुर किसान नरसंहार के पहले भी इन्होंने किसानों को धमकाया था।'' कांग्रेस की यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने सवाल किया, प्रधानमंत्री जी, दागी मंत्रियों को कब तक बचाते रहेंगे? कब तक इनकी बदजुबानी को हौसला देते रहेंगे? गौरतलब है कि लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में अपने बेटे की कथित संलिप्तता को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे 'टेनी' का वीडियो सामने आया है जिसमें टेनी भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता टिकैत को ''दो कौड़ी का'' बताते हुए नजर आ रहे हैं।

## स्मृति ईरानी की बेटी से जुड़े विवाद में अब ट्विटर पहुंचा हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर की एक याचिका पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से जवाब मांगा, जिसमें पीठ के पहले के आदेश में कुछ स्पष्टीकरण की मांग की गई है जिसमें उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया दिग्गजों को कथित तौर पर भाजपा नेता और उनकी बेटी के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री वाले वेब लिंक को हटाने का निर्देश दिया था।




न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्ण की पीठ ने ट्विटर द्वारा दायर एक याचिका पर ईरानी को नोटिस जारी किया है जिसमें उसने 29 जुलाई के आदेश में इस आशय का स्पष्टीकरण मांगा कि मंच केवल उसी सामग्री को हटाने के लिए बाध्य है जिसमें वादी ईरानी द्वारा प्रदान किए गए यूआरएल मानहानिकारक पाए गए हैं है। ईरानी के लंबित दीवानी मानहानि के मुकदमे पर याचिका दायर किया गया था जिसमें उच्च न्यायालय ने 29 जुलाई को कांग्रेस के तीन नेताओं जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेट्टा डिसूजा को समन जारी किया था और उनसे केंद्रीय मंत्री और उनकी बेटी पर लगे आरोपों पर ट्वीट और अन्य सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने के लिए भी कहा था।

## बिलकिस केस में दोषियों की रिहाई के विरुद्ध महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट ने दायर की याचिका

**नई दिल्ली।** बिलकिल बानो मामले में गुजरात सरकार द्वारा 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। बिलकिस बानो मामले में शामिल 11 दोषियों की छूट को रद्द करने के लिए महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की। जनहित याचिका में कहा गया है कि दोषियों को रिहा नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा मामला है जिसमें सामूहिक बलात्कार और हत्या शामिल है। सुभाषिनी अली, रेवती लौल और रूप रेखा वर्मा ने शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर दोषियों की माफी को रद्द करने का आदेश देने की मांग की। एडवोकेट अपर्णा भट्ट ने मंगलवार सुबह भारत के चीफ जस्टिस के समक्ष मामले का उल्लेख किया और तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की।



सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केवल मामले पर विचार करने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए सिब्बल ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं, बल्कि रिहाई को चुनौती दे रहे हैं। 14 लोग मारे गए और एक गर्भवती महिला के साथ बलात्कार किया गया। सुप्रीम कोर्ट याचिका पर विचार करने के लिए तैयार हो गया है। इससे पहले, कार्यकर्ताओं और इतिहासकारों सहित 6,000 से अधिक लोगों ने सुप्रीम कोर्ट से मामले में दोषियों की जल्द रिहाई को रद्द करने का आग्रह किया था।

इस बीच, बिलकिस बानो केस की जांच करने वाले रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी विवेक दुबे ने कहा कि 14 साल के बाद 11 दोषियों की रिहाई ने दिखाया है कि उनमें सुधार आ गया था। इसके साथ ही उन्होंने दोषियों की रिहाई का विरोध करने वालों पर भी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसा करना संविधान की भावना के खिलाफ है। विवेक दुबे सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर थे, जिसने बिलकिस बानो गैंगरेप केस की जांच की थी। इस केस की जांच का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। उनकी टीम ने ही इस मामले की जांच की थी और उसके आधार पर ही 12 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इनमें से एक आरोपी ने आत्महत्या कर ली थी। इन लोगों में 5 पुलिस वाले और दो डॉक्टर भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि गुजरात दंगों के दौरान दाहोद जिले में बिलकिस बानो के परिवार के लोगों भी हत्याएं कर दी थीं। इन लोगों में सबसे छोटी बिलकिस बानो की दो साल की बेटी थी। इसी दौरान प्रेगनेंट बिलकिस बानो से गैंगरेप की घटना भी हुई थी। बिलकिस बानो को उनके बलात्कारी यह सोचकर छोड़ भागे थे कि उनकी मौत हो गई है।

## पाकिस्तान में भारी बारिश बनी बाढ़ का सबब, कई शहर तबाह, सैकड़ों लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों मूसलाधार बारिश के चलते बाढ़ की चपेट में है। पाकिस्तान में बलूचिस्तान सहित कई शहर भारी बारिश के कारण बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। चारों तरफ सिर्फ पानी ही पानी है। लगभग दो दिनों से लगातार बारिश होने की वजह से सैकड़ों लोग अपनी जान गवां चुके है। यहां बाढ़ ने सब कुछ खत्म कर दिया है। पाकिस्तान में बारिश ने लोगों की परेशानियों को दोगुना कर दिया है। बारिश और बाढ़ की वजह से हजारों घर बह गए हैं। लाखों लोग तो कैम्प में रहने पर मजूबर हो गए हैं। पाकिस्तान में बाढ़ का सबसे ज्यादा असर बलूचिस्तान में देखने को मिला है। वहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने पहली बार ऐसी बारिश और बाढ़ का सामना किया है। खबरों के अनुसार, पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। बलूचिस्तान प्रांत में बारिश के कहर के कारण, मरने वालों की संख्या 225 तक पहुंच गई है। सोमवार को कम से कम नौ लोगों की जान गई। सिंध के लरकाना जिले में, 200 से अधिक घर तबाह हो गए हैं और बाढ़ की वजह से तीन दिनों में लगभग 22 लोग अपनी जान गवां बैठे हैं। सूबे के सभी स्कूल कॉलेज को 27 अगस्त तक के लिए बंद कर दिया गया है। लगातार बारिश और बाढ़ के कारण पंजाब-बलूचिस्तान हाईवे बंद है। बाढ़ के कारण सड़कें टूट जाने की वजह से रोड कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है, जिससे बुनियादी बचाव और राहत कार्यों में रुकावटें आ रही हैं। बहरहाल, बलूचिस्तान, सिंध और दक्षिण पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) द्वारा राहत और बचाव अभियान चल रहा है।

## हरियाणा की भाजपा नेता सोनाली फोगाट का गोवा में हार्ट अटैक से निधन



**हिसार।** भाजपा नेता सोनाली फोगाट का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 42 साल की थीं और टिक-टॉक स्टार रह चुकी हैं। बताया जाता है कि वह अपने स्टाफ के कुछ सदस्यों के साथ गोवा गई थीं, जहां उन्हें बीती रात हार्ट अटैक आया था। सोनाली ने हरियाणा की आदमपुर सीट से भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ आखिरी चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें मात मिली थी। सोनाली आगामी आदमपुर उपचुनाव के लिए भी भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रही थीं। पिछले हफ्ते कुलदीप बिश्नोई ने उनके आवास जाकर मुलाकात भी की थी जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई थीं। सोनाली फोगाट ने हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का दामन थामा था और हिसार से कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ चुनाव लड़ा था। कुलदीप बिश्नोई ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में यह चुनाव लड़ा था। कुलदीप विश्नोई पिछले दिनों कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए और विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया। इसके बाद खाली हुई आदमपुर सीट पर होने वाले उप चुनाव के लिए भी सोनाली ने टिकट की दावेदारी की थी। सोनाली फोगाट पेशे से अभिनेत्री थीं। वह टिकटॉक स्टार भी रहीं हैं। वह बिग बॉस 14 में भी नजर आई थीं। साल 2019 में हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। सोनाली फोगाट का जन्म 21 सितंबर 1979 को हरियाणा के फतेहाबाद में हुआ था। उन्होंने ग्रेजुएशन तक पढ़ाई की। सोनाली की एक बेटी भी है, जिसका नाम यशोधरा फोगाट है। सन 2016 में सोनाली फोगाट उस समय चर्चा में आई थीं, जब उनके पति संजय की फॉर्म हाउस में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उस समय सोनाली मुंबई में थीं। जून, 2020 में सोनाली फोगाट का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में सोनाली फोगाट एक कृषि अधिकारी को चप्पल से मारती हुई नजर आई थीं। इसके बाद उनके ऊपर एफआईआर भी हुई थी। सोनाली को एक दबंग महिला के रूप में भी जाना जाता है। जब कुलदीप बिश्नोई कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए तो इस पर सोनाली फोगाट ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

## 27 अगस्त से पीएम मोदी और 14 सितंबर को अमित शाह गुजरात आएंगे

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 27 अगस्त से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर आ रहे हैं पीएम मोदी के बाद अगले महीने 14 सितंबर से केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुजरात का दो दिवसीय दौरा करेंग पीएम मोदी के 2 अगस्त को कच्छ में होनेवाले कार्यक्रम को लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं गुजरात विधानसभा चुनाव के आडे गिनती के महीने रह गए हैं और भाजपा, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी (आप) समेत राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है पहली बार आप पूरे दम खम के साथ भाजपा और कांग्रेस को चुनौती देने क प्रयास कर रही है वहीं भाजपा और कांग्रेस भी आप को धूल चटाने के लिए पूरी ताकत लगा रही हैं भाजपा का गुजरात विधानसभा की सभी 182 सीटें जीतने का



लक्ष्य है अपने लक्ष्य को पाने के लिए भाजपा पूरे जी जान से जुटी हुई है पीएम मोदी समेत भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की गुजरात में आवाजाही बढ़ गई है इसी कड़ी में आगामी 2 अगस्त से पीएम मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर आ रहे हैं इसके अंतर्गत 28 अगस्त पीएम मोदी कच्छ के भुज में निर्माणाधीन स्मृतिवन के पहले चरण के कार्यों क लोकार्पण करेंगे पीएम मोदी भुज एयरपोर्ट से रोड शो करने के बाद भुजिया डुंगर में बन रहे स्मृति वन का दौरा करेंगे इस दौरान पीएम मोदी म्युजियम के अलावा भूकंप पीड़ितों की याद में 350 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे स्मृति वन प्रोजेक्ट की जानकारी लेंगे जिसके पश्चात पीएम मोदी कच्छ यूनिवर्सिटी ग्राउंड में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे पीएम मोदी की जनसभा को लेकर कच्छ यूनिवर्सिटी ग्राउंड में जोरदार तैयारियां की जा रही हैं गुजरात सरकार के मंत्री जगदीश पंचाल ने पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की पीएम मोदी के बाद अगले 14 सितंबर से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात आएंगे अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान अमित शाह सूरत में राष्ट्रीय भाषा दिवस के कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

## युद्धग्रस्त यूक्रेन में पुतिन सेना ने मचाई भारी तबाही, 9 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए

**कीव।** युद्धग्रस्त देश यूक्रेन में रूस के लगातार हमले जारी हैं। फरवरी के आखिर में यूक्रेन पर हमला करने के बाद से अबतक करीब नौ हजार यूक्रेनी सैनिक युद्ध में मारे गए हैं। यूक्रेन की सेना के प्रमुख जनरल वेलेरी जालुज्नी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अब भी युद्ध खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। जनरल वेलेरी जालुज्नी ने कहा कि यूक्रेन के कई बच्चों की देखभाल करने की जरूरत है, क्योंकि उनके पिता अग्रिम पंक्ति पर तैनात हैं और उनमें से करीब 9,000 नायक जान गवां चुके हैं। एक अधिकारी ने बताया कि निकोपोल में सोमवार को रूसी गोलाबारी में चार लोग घायल हो गए। नाइपर नदी पर बसे इस शहर में 12 जुलाई से



रूसी हमले तेज होने के बाद हालात खराब हैं, यहां 850 इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं और उसकी करीब आधी आबादी शहर छोड़कर जा चुकी है। निकोपोल में अपने तबाह हो चुके चार मंजिला मकान के बाहर खड़ीं लीउदमाइला शिशकिना ने कहा कि मैं रूस से नफरत करती हूं। शिशकिना के मकान की एक भी दीवार नहीं बची है। 10 अगस्त को हुए विस्फोट में वह घायल हो गईं और उनके पति एंतोली की मौत हो गई। शिशकिना के बेटे पावलो ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध ने भी मेरे पिता को मुझसे नहीं छीना, लेकिन रूसी युद्ध ने उन्हें छीन लिया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, रूस के 24 फरवरी को यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई शुरू करने के बाद से 5,587 यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं, जबकि 7,890 अन्य लोग घायल हुए हैं। हालांकि, इस अनुमानित आंकड़े के असल आंकड़े से काफी कम होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने सोमवार को बताया कि रूसी कार्रवाई शुरू होने के बाद से कम से कम 972 यूक्रेनी बच्चे मारे गए या घायल हुए।

## खास खबर

### बेटो ने कराई विजयवर्गीय और सिंधिया के बीच सुलह

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बीच सुलह हो गई है। कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय और ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महाआर्यमन सिंधिया के बीच दोस्ती के रिश्ते बन गए हैं। दोनों नेता पुत्रों के बीच लगातार संवाद होते रहे हैं। अपने अपने पिताओं को साथ में लाने के लिए किए गए प्रयास अब जमीन पर दिख रहे हैं। हवाई अड्डे पर ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक एवं कैलाश विजयवर्गीय के समर्थक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सिंधिया सीधे कैलाश विजयवर्गीय के घर गए। ज्योतिरादित्य सिंधिया का यह कहना कि हम लोग मिलकर काम करेंगे। नई उमंग और ऊर्जा के साथ प्रदेश का विकास करेंगे। सिंधिया द्वारा दिए गए सार्वजनिक बयान के बाद अब कहा जा रहा है, कि प्रदेश के राजनीतिक समीकरण बड़ी तेजी के साथ बदलने जा रहे हैं। सिंधिया और विजयवर्गीय की जोड़ी जल्द ही अपना असर दिखाएगी। कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय,ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महा आर्यमन,मध्य प्रदेश की राजनीति में आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

### मलेशिया के शीर्ष कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामले में बरकरार रखी नजीब की सजा

**पुत्राजाया।** मलेशिया के शीर्ष कोर्ट ने 1एमडीबी सरकारी निधि की लूट से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक की दोषसिद्धि तथा उन्हें सुनाई गई 12 साल की जेल की सजा बरकरार रखी है। नजीब की यह आखिरी अपील रद्द होने का मतलब है कि वह तत्काल प्रभाव से अपनी सजा काटना शुरू करेंगे। वह देश के पहले पूर्व प्रधानमंत्री हैं जो जेल जाएंगे। संघीय अदालत की पांच सदस्यीय पीठ ने कहा उसका सर्वसम्मति से मानना है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने सही फैसला दिया और नजीब की अपील में दम नहीं है। अदालत ने नजीब की दोषसिद्धि और सजा की पुष्टि की।

### भाजपा को मिल रहे समर्थन से परेशान हो गई है भ्रष्ट और परिवार केंद्रित पार्टी : नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बी संजय कुमार को हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा की। नड्डा ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि राज्य की भ्रष्ट और परिवार केंद्रित सरकार के खिलाफ भाजपा को मिल रहे व्यापक जन समर्थन से मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव चिंता में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के खिलाफ भाजपा की लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रहेगी और पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि आगामी चुनावों में टीआरएस का सूपड़ा साफ हो। नड्डा ने एक ट्वीट में कहा तेलंगाना सरकार द्वारा हमारे प्रदेश अध्यक्ष बी संजय कुमार की अवैध गिरफ्तारी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। केसीआर के भ्रष्ट और परिवार केंद्रित शासन के खिलाफ राज्य के विभिन्न कोनों से भाजपा को मिल रहे व्यापक समर्थन से मुख्यमंत्री चिंतित हैं। एक अन्य ट्वीट में नड्डा ने कहा हम लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई लड़ते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाले चुनावों में टीआरएस और केसीआर का पूरी तरह से सफाया हो। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का लोकप्रिय नाम केसीआर है। ज्ञात हो कि बी संजय कुमार हैदराबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ जनगांव में विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

### सेना ने राजौरी जिले में आंतकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों के एक समूह की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है। रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौशेरा सेक्टर में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात को संदिग्ध घुसपैठियों के होने का आभास हुआ। इलाके में तलाश अभियान जारी है। विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिली है। अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध आतंकवादियों के एक समूह ने सीमा पार से अंधेरे की आड़ में नौशेरा के लाम के पुखरनी गांव में घुसने की कोशिश की। तभी एक आतंकवादी ने बारूदी सुरंग पर पैर रख दिया, जिससे विस्फोट हो गया। आतंकवादियों की गतिविधियों पर नजर रख रहे सेना के जवानों ने इलाके को घेरकर मंगलवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि विस्फोट में किसी आतंकवादी के हताहत होने की तत्काल पुष्टि नहीं हो पाई है। नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की यह कोशिश उस समय हुई है। जब सेना ने लश्कर-ए-तैयबा के एक गाइड को रविवार को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया था।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भारतीय फुटबॉल महासंघ से हट सकता है निलंबन

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के निलंबन मामले में कहा है कि तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति (सीओए) को बर्खास्त समझा जाए। शीर्ष अदालत के इस फैसले से अब एआईएफएफ के कामकाज में हस्तक्षेप समाप्त हो जाएगा जिससे विश्व की शीर्ष फुटबॉल संस्था (फीफा) का लगाया प्रतिबंध उससे हट जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा है कि देश में अंडर-17 महिला विश्व कप के आयोजन और फीफा के एआईएफएफ पर लगाया निलंबन को रद्द कराने के लिए हमने पहले के आदेश में बदलाव किया है। इससे पहले केन्द्र सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि सीओए को हटाकर भारतीय फुटबॉल की कमान महासंघ को सौंपी जाये।

न्यायमूर्ति डी वाय चंद्रचूड और ए एस बोपन्ना की पीठ ने 28 अगस्त को होने वाले चुनाव एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिए हैं, जिससे मतदाता सूची में बदलाव और नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो सके। पीठ ने कहा



कि एआईएफएफ चुनाव के लिए मतदाता सूची में फीफा की मांग के अनुसार ही प्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश संघों के 36 प्रतिनिधि होने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र की फीफा से बातचीत के बाद पूर्व आदेश में बदलाव की खेल मंत्रालय की अपील पर यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा एआईएफएफ के चुनाव के लिए सीओए के द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी उमेश सिन्हा और तपस भट्टाचार्य को अदालत द्वारा नियुक्त माना जाएगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि एआईएफएफ के कामकाज को निकाय के कार्यवाहक महासचिव संभालेंगे। इसने कहा कि एआईएफएफ की कार्यकारी समिति में 23 सदस्य होंगे जिनमें छह खिलाड़ी होंगे जिसमें दो महिला खिलाड़ी रहेंगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने केंद्र से एआईएफएफ पर फीफा का लगाया निलंबन रद्द कराने और भारत में अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी सुनिश्चित कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को कहा था।

## न्यूज़ ट्रैक....

### द्रविड़ कोरोना संक्रमित हुए

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोरोना संक्रमण से पीड़ति हैं। द्रविड़ के संक्रमित होने से भारतीय टीम की टी20 विश्वकप तैयारियां भी प्रभावित होने की आशंका है। द्रविड़ को संक्रमित पाये जाने के बाद पृथकवास पर भेज दिया गया है हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक द्रविड़ के कोविड-19 पॉजिटिव होने की पुष्टि नहीं की है। द्रविड़ को भारतीय टीम के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया था। भारतीय टीम को इसी माह 28 अगस्त को परंपरागत प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत करना है। ऐसे में भारतीय टीम को इसमें द्रविड़ का मार्गदर्शन नहीं मिलेगा। ऐसे में अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मेडिकल टीम से सहमति मिलने के बाद ही द्रविड़ शुरुआती मैच के लिए भारतीय टीम के साथ यूएई जाएंगे।

### रैना के बचपन के कोच कृष्णन का निधन

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना के बचपन के कोच सतपाल कृष्णन का निधन हो गया है। रैना ने ट्वीट करते हुए कृष्णन के निधन पर शोक जताया है। रैना के अलावा भारतीय टीम इंडिया के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने भी कृष्णन के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। कृष्णन कई दिनों से बीमार थे और जालंधर के एक अस्पताल में पिछले कई दिनों से वेंटिलेटर पर स्थित थे। रैना ने अपने कोच को बचाने के काफी प्रयास भी किये थे। कोच कृष्णन के निधन पर रैना ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मेरे कोच कृष्णन सर के निधन के बारे में सुनकर मेरा दिल काफी दुखी है, मेरी सभी उपलब्धियों और कड़ी मेहनत के पीछे का कारण, जो सबक उन्होंने मुझे सिखाया वह थे। उन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकता और वे हमेशा के लिए मेरी यादों और प्रार्थनाओं में रहेंगे। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। ओम शांति।' रैना के अलावा हरभजन सिंह ने लिखा है, 'कृष्णन सर आपकी कमी खलेगी। वह वह बहुत भावुक, मेहनती कोच और एक महान व्यक्ति थे। उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं हैं।' रैना की जिंदगी में कोच कृष्णन का अहम योगदान रहा है। उन्होंने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'बिलीव' में भी उनका जिक्र किया है।

### वेस्टइंडीज पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**ब्रिजटाउन ।** वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में दोहरा झटका लगा है। मैच में मिली हार के बाद अब उसपर धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 40 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी मैच रेफरी के एलीट पैनल ने इंडीज टीम पर निर्धारित समय तक दो ओवर कम फैंकने के कारण यह जुर्माना लगाया है। आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है। इसमें तय समय तक ओवर पूरे नहीं होने पर खिलाड़ियों की मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग खेलने की स्थिति में एक पक्ष को एक ओवर कम होने पर एक अंक का दंड दिया जाता है। वेस्टइंडीज सुपर लीग के दौरान अपने अंक तालिका से दो अंक खो देगा। इंडीज कप्तान पूरन ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया जिस कारण आगे औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं पड़ी।



सिनसिनाटी में केरोलिना गार्सिया और पेट्र क्वीटोवा ट्रॉफी के साथ पोज देती हुई।

## पेन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करेंगे

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान टिम पेन एक बार फिर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। पेन के 2022-2033 के घरेलू सत्र में तस्मानिया की ओर से खेलने की संभावनाएं है। पेन ने पिछले साल एक विवाद के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट से संन्यास लेने के साथ ही घरेलू क्रिकेट से भी ब्रेक ले लिया था। पेन का कहना था कि वह मानसिक रुप से थके हुए हैं। उसके बाद पैट कमिंस को नया कप्तान बनाया गया था।

एक रिपोर्ट के अनुसार अभी वह तस्मानियाई बोर्ड के साथ अनुबंध में नहीं है पर उनके गर्मियों में खेलने की उम्मीदें हैं। तस्मानिया 6 अक्टूबर को क्वींसलैंड से एलन बॉर्डर फील्ड में खेलेगा। तस्मानिया के मुख्य कार्यकारी डोम बेकर ने कहा कि पेन उनके कार्यालय आए और पूछा कि क्या वह टीम के साथ अभ्यास कर सकते हैं। साथ ही कहा, उसे मेरे कार्यालय में आकर और प्रशिक्षण की अनुमति का अनुरोध करते हुए देखना बहुत अच्छा था। वह क्लब क्रिकेट के लिए फिट होने के लिए एक अनुबंधित खिलाड़ी के रूप में प्रशिक्षण ले रहा है, लेकिन अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब कहीं भी साबित होता है तो उसे फिर से राज्य क्रिकेट खेलते हुए देखने की उम्मीद है।

## भारतीय टीम को नसीम से रहना होगा सावधान

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में नसीम शाह से सतर्क रहना होगा। पाक के नसीम ने नीदरलैंड दौरे पर तीन मैचों में ही अपने प्रदर्शन से अपने को साबित किया है। नसीम ने नीदरलैंड के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए दूसरे मैच में 4 गेंद के अंदर 2 लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। वहीं नसीम ने तीसरे एकदिवसीय में 10 ओवर में 33 रन देकर 5 विकेट लिए थे। यह उनके करियर का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। नसीम ने सीरीज के पहले और दूसरे एकदिवसीय में भी शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने अपने डेब्यू एकदिवसीय में 51 रन देकर 3 विकेट लिए थे जबकि दूसरे मुकाबले में वो 2 विकेट लेने में सफल रहे थे।

## शुभमन न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ सीरीज के लिए बन सकते हैं कप्तान



**नई दिल्ली ।** युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ अगले माह सितंबर में होने वाली सीरीज के लिए भारत-ए टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। बीसीसीआई ने अभी तक इस सीरीज के लिए भारत-ए टीम की घोषणा नहीं की है। एक रिपोर्ट के अनुसार शुभमन को न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ होने वाले तीन 4 दिवसीय मैच के अलावा 3 एकदिवसीय के लिए कप्तान बनाया जा सकता है। न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ होने वाली इस सीरीज के लिए रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भारत-ए टीम में शामिल किये जाने की संभावना है। इसमें बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी भी शामिल हैं। मुलानी के अलावा हनुमा विहारी, वाशिंगटन सुंदर, केएस भरत और मोहम्मद सिराज को भी इस सीरीज में शामिल किया जाना तय है। मुलानी ने मुंबई की सीनियर और अंडर-25 टीम के लिए पिछले कुछ समय में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुलानी ने रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लिए थे। उन्होंने 6 मैच में 16.7 की औसत से कुल 45 विकेट लिए थे। उन्होंने मैच में 2 बार 10 और 6 बार पांच विकेट लिए थे।



मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड और लीवरपूल के खिलाड़ी।

## व्यापारन्यूज

### सोना-चांदी की कीमतें गिरीं



**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें गिरी हैं। ये दोनों ही मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर नजर आयीं। सुबह सोना 6 रुपये नीचे आकर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी 217 रुपये नीचे कारोबार करती दिखी। सोने का भाव 52 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के नीचे ही रहा। वहीं 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का वायदा भाव 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ ही 51,157 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने में कारोबार 51,211 रुपये के स्तर पर शुरू हुआ पर मांग में कमी से जल्द भाव नीचे आ गए। वहीं एमसीएक्स पर चांदी का वायदा भाव 217 रुपये गिरकर 54,775 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया है। इससे पहले चांदी में ट्रेडिंग की शुरुआत 54,870 रुपये के स?तर पर हुई थी हालांकि थोड़ी देर बाद ही यह अपने पिछले बंद भाव से 0.39 फीसदी गिरकर कारोबार करने लगी।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव



**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चा तेल ऊपर आया है पर इससे पेट्रोल-डीजल की कीमतों में प्रभाव नहीं पड़ा है। देश में तेल की कीमतें 6 अप्रैल के बाद से ही नहीं बढ़ाई गई हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में करीब 1.5 डॉलर प्रति बैरल की तेजी आई है जबकि ब्रेंट क्रूड 1.45 डॉलर ऊपर आकर 96.95 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई बढ़कर 90.23 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है।दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर जबकि मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर है।

## म्युचुअल फंड से निवेशकों ने जून तिमाही में निकाले 70,000 करोड़

**नई दिल्ली ।** निवेशकों ने लगातार तीसरी तिमाही में म्यूचुअल फंड से पैसे निकालना जारी रखा। अप्रैल-जून तिमाही में उच्च मुद्रास्फीति और नीतिगत दरों के बढ़ने से निवेशकों ने म्युचुअल फंड से 70,000 करोड़ रुप से अधिक निकाले। ट्रस्ट म्युचुअल फंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संदीप बागला ने कहा ?कि जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि तरलता कम होने और उच्च नियामक दरों के लिहाज से मौद्रिक परिस्थितियां सख्त होंगी। इससे म्युचुअल फंड ऋण कोष में से और निकासी हो सकती है। बाजार के जानकारों ने कहा कि आगामी तिमाहियों में डेट म्युचुअल फंड में फ्लो तय करने में ब्याज दर अहम कारक होगी। दरों में स्थिरता आने पर प्रवाह की उम्मीद की जा सकती है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एम्फी के मुताबिक हालिया निकासी की वजह से ऋण निश्चित आय फंड के लिए फंड मैनेजरों द्वारा मैनेज की जाने वाली परिसंपत्तियां जून महीने के अंत में पांच फीसदी घटकर 12.35 लाख करोड़ रुपए की रह गई जो मार्च के अंत में करीब 13 लाख करोड़ रुपये थीं। वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में आय श्रेणी के तहत प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां 14.16 लाख करोड़ रुपए के उच्च स्तर पर पहुंच गई थीं लेकिन तब से इसमें लगातार गिरावट आ रही है और जून 2022 आने तक यह 13 फीसदी तक कम हो गई। भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही में डेट म्युचुअल फंड (ओपन एंडेड फिक्स्ड इनकम म्युचुअल फंड) से 70,213 करोड़ रुपए की निकासी हुई। अप्रैल में इस श्रेणी में 54,756 करोड़ रुपए का निवेश आया था लेकिन मई और जून में परिदृश्य बदल गया और इन दो महीनों में निवेशकों ने क्रमशः 32,722 करोड़ रुपए और 92,247 करोड़ रुपए निकाल लिए।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला

**मुम्बई ।** मुम्बई शेयर बाजार की मंगलवार को कमजोर शुरुआत हुई। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले नकारात्मक संकेतों और बिकवाली के माहौल से सेंसेक्स और निफ्टी नीचे आये हैं। सुबह सेंसेक्स 340 अंक नीचे था। यह 0.58 फीसदी गिरकर 58,433 पर पहुंच गया। निफ्टी में 89.60 अंकों करीब 0.51 फीसदी की गिरावट थी और यह इंडेक्स 17401.10 पर था। वहीं बैंक निफ्टी बैंक में भी 0.68 फीसदी की गिरावट थी और यह इंडेक्स 38,036.60 पर था।

बाजार खुलते समय सुबह सेंसेक्स 739.72 अंक करीब 1.26 फीसदी की गिरावट के साथ ही 58034.15 के स्तर पर नजर आ रहा था। वहीं निफ्टी 333.40 अंक तकरीबन 1.91 फीसदी टूटकर 17157.30 के स्तर पर नजर आया। गत दिवस निवेशकों की भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया था। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 85.06 करोड़ रुपए की बिकवाली की। दोनों के बिकवाल होने के कारण बाजार में बड़ी गिरावट देखने में आई है।

## टेस्ट रन के दौरान दिखी स्कोडा की इनयोक आईवी

**नई दिल्ली ।** हाल ही में स्कोडा की इनयोक आईवी को मुंबई में टेस्ट रन के दौरान देखा गया था। यह एक इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर कार है। स्कोडा जल्द ही भारत में एक इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च कर सकती है। टेस्ट रन के दौरान इस गाड़ी को काले रंग के कपड़े से ढका हुआ था। ऐसा पहली बार नहीं है जब इनयोक आईवी को टेस्ट रन के दौरान देखा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि स्कोडा अगले साल तक इसे कंप्लीटली बिल्ट यूनिट (सीबीयू) के तौर पर भारत में उतारेगी।इसका मतलब है कि कार की कीमत कुछ अधिक हो सकती है। यह कार फॉक्सवैगन के एमईबी प्लेटफॉर्म पर बनी जिसे खासतौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बनाया गया है। यह एक इलेक्ट्रिक स्केटबोर्ड प्लेटफॉर्म है जिसके कॉर्नर पर पहिए हैं और बीच में बैटरीज के साथ फ्लोरबोर्ड है। इसमें कोई इंजन, ड्राइशाफ्ट और ट्रांसमिशन टनल नहीं है। इससे निर्माताओं को वाहन को तैयार करने में आसानी होती है और इलेक्ट्रिक वाहन में भी काफी स्पेस मिलता है। इनयोक आईवी की लंबाई 4,648 मिलीमीटर और चौड़ाई 1,877 मिलीमीटर है। इसकी ऊंचाई 1,616 मिलीमीटर है। कोडियाक से छोटी होने के बावजूद इसमें स्पेस की कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि यह ऑल इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर तैयार हो रही है। स्कोडा इनयोक आईवी 80एक्स का टेस्ट रन कर रही थी। इसकी स्पेसिफिकेशन्स देखें तो इसमें 7 किलोवॉट की बैटरी है जो 125 किलोवॉट की पावर सप्लाई से फास्ट चार्ज हो सकती है। इसके लिए आपको डीसी फास्ट चार्जर खोजना होगा। यह कार एक बार के चार्ज में 513 किलोमीटर चल सकती है। यह एक ऑल व्हील ड्राइव कार है। इसका पावर आउटपुट 265 पीएस है। यह कार 6.9 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड तक पहुंच सकती है। टोयोटा एक और एसयूवी भारत में उतार सकती है। इसका नाम टोयोटा यारिस क्रॉस है। इस एसयूवी का साइज करीब 4.2 मीटर है। हालांकि, कंपनी ने इसके लॉन्च को लेकर फिलहाल कोई बयान नहीं दिया है।इसे हाल ही में टेस्टिंग के दौरान गुरुग्राम की सड़कों पर देखा गया है।

## रुपए में गिरावट आई

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया नीचे आया है। रुपये में ये गिरावट घरेलू शेयर बाजारों के नीचे आने के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से आई है। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे नीचे आकर 79.88 पर आ गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.85 पर खुला और फिर पिछले बंद के मुकाबले चार पैसे की गिरावट के साथ ही 79.88 पर आ गया। गत दिवस भी रुपया डॉलर के मुकाबले 79.84 पर बंद हुआ था। इसी के साथ ही छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 फीसदी गिरकर 108.89 पर आ गया।

## भारत का सबसे तेज ईवी चार्जर लॉन्च

### मात्र 30 मिनट में फुल चार्ज कर सकेंगे इलेक्ट्रिक कार

**नई दिल्ली ।** जानी-मानी कंपनी किआ ने भारत का सबसे तेज ईवी चार्जर लॉन्च कर दिया है। कोरियाई कार निर्माता कंपनी किआ ने केरल के कोच्चि में इलेक्ट्रिक कारों के लिए 240 केडब्ल्यूएच डीसी फास्ट चार्जर लगाया है। किआ ने भारत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ईवी6 को इसी साल जून में लॉन्च किया था। यह डीसी फास्ट चार्जर किआ का देश भर में ईवी फास्ट चार्जिंग नेटवर्क स्थापित करने के लिए कार निर्माता के प्रयासों का हिस्सा है। देश में लगातार इलेक्ट्रिक व्हीकल की मांग बढ़ रही है।

पिछले कुछ सालों में ईवी की बिक्री में काफी इजाफा हुआ है। कार निर्माता आने वाले दिनों में भारतीय बाजार के लिए और ज्यादा इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने की प्लानिंग कर रही है।कोच्चि में





किआ डीसी फास्ट चार्जर केवल कार निर्माता के ग्राहकों के लिए नहीं है। किआ इंडिया ने शहर और उसके आसपास के सभी ईवी मालिकों के लिए यह सुविधा खोल दी है। चार्जिंग स्टेशन पर कोई भी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकता है। जुलाई 2022 में इलेक्ट्रिक कारों के लिए गुड़गांव के सबसे तेज 150 केडब्ल्यूएच चार्जर के हालिया लॉन्च पर भारत में किआ की ईवी यात्रा इस विकास से और मजबूत हुई है। किआ ने भारत में ईवी6 को लगभग 60 लाख (एक्स-शोरूम) की कीमत पर लॉन्च किया है। किआ का दावा है कि ईवी6 एक बार चार्ज करने पर 528 किलोमीटर तक चल सकती है।

350 केडब्ल्यूएच फास्ट चार्जर का उपयोग करके, ईवी6 को केवल 18 मिनट में 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। 240 केडब्ल्यूएच चार्जर को ऐसा करने में 30 मिनट से अधिक नहीं लगना चाहिए। कार निर्माता के अनुसार, ईवी6 को ओवरबुक कर दिया गया है और अगले साल फिर से उपलब्ध होगा। यह हयूदै आयोनिक 5ईवी को टक्कर देने के लिए तैयार है, जिसके इस साल के अंत तक भारत में लॉन्च होने की उम्मीद है। ईवी6 हयूदै और किआ के कॉमन इलेक्ट्रिक-ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म प्लेटफॉर्म पर बनी है।

## सरकार की गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं: सरकारी सूत्र

**नई दिल्ली ।** सरकार की गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं है और देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए उसके पास पर्याप्त भंडार है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास सार्वजनिक वितरण के लिए पर्याप्त भंडार है। एक सूत्र ने कहा ?कि भारत की गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं है। देश में हमारी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार है। उन्होंने यह टिप्पणी कुछ खबरों के संदर्भ में की, जिनमें कहा गया था कि भारत आने वाले समय में गेहूं का आयात कर सकता है। भारत का गेहूं उत्पादन लगभग तीन प्रतिशत घटकर 10.684 करोड़ टन रहने का अनुमान है। हालांकि फसल वर्ष 2021-22 में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.572 करोड़ टन होने का अनुमान है। दरअसल देश के उत्तरी राज्यों- पंजाब और हरियाणा में गेहूं की फसल पकने के समय भीषण गर्मी पड़ने से गेहूं का उत्पादन कम होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय की तरफ से हाल ही में जारी फसल वर्ष 2021-22 के चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार चावल, मक्का, चना, दलहन, तिलहन और गन्ने का उत्पादन नया रिकॉर्ड बना है।

# डांस इंडिया डांस फेम स्नेहा गुप्ता जल्द वेब सीरीज में आएंगी नजर, बनेंगी 'तवायफ'



डांस इंडिया डांस, दिल दोस्ती डांस और एक विवाह ऐसा भी फेम स्नेहा गुप्ता जल्द ही वेब सीरीज में नजर आएंगी. वो 'तवायफ' सीरीज में एक सेक्स वर्कर की भूमिका में दिखाई देंगी. 8 एपिसोड्स की इस सीरीज में देश में रह रहे सेक्स वर्कर्स की जिंदगी को दर्शाया जाएगा. इस चैलेंजिंग रोल को निभाने के लिए एक्ट्रेस काफी उत्साहित हैं. नेहा ने बताया कि ये रोल काफी मुश्किल है क्योंकि ये एक संवेदनशील मुद्दा है. चूंकि सेक्स वकर्स की लाइफ खुद में बहुत संघर्षपूर्ण होती है ऐसे में ये किरदार निभाना उनके लिए एक बड़ी बात है. इस रोल के लिए खुद को तैयार करने की प्रेरणा स्नेहा को वेटरन एक्ट्रेस रेखा से मिली. उनका कहना है कि जिस तरह रेखा ने फिल्म उमराव जान में एक प्रॉस्टिट्यूट की भूमिका बखूबी निभाई थी. इसके अलावा मीना कुमारी ने पाकीजा में और माधुरी दीक्षित ने देवदास में तवायफ की भूमिका निभाई थी. ऐसे में इन्हें देखकर ऐसे रोल को करने की प्रेरणा मिली है. महरूक मिर्जा द्वारा निर्देशित इस वेब सीरीज में स्नेहा के अलावा दिग्गज कलाकार नसीरुद्दीन शाह, रजा मुराद, आसिफ शेख, मुकेश ऋषि, आयशा जुल्का, राखी सावंत और अश्मित पटेल अहम भूमिका में होंगे. ये रोल पाकर स्नेहा काफी खुश हैं. उनका मानना है कि ये खुद को साबित करने का एक अच्छा मौका होगा क्योंकि इसमें अच्छी एक्टिंग की जरूरत होगी. स्नेहा ने बताया कि इस रोल को करने के लिए उन्हें अपनी बॉडी लैग्वेज सही भाषा पर पकड़ मजबूत करनी होगी।

## विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक के लिए सैफ अली खान ने जार्च की इतनी मोटी रकम



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सैफ अली खान आने वाले दिनों में कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म विक्रम वेधा का हिंदी रीमेक भी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विक्रम वेधा एक तमिल फिल्म है। जिसका हिंदी में निर्माण किया जा रहा है। विक्रम वेधा के तमिल वर्जन में मुख्य किरदार के रूप में विजय सेतुपति और आर माधवन नजर आए थे। वहीं अब इसके हिंदी वर्जन में अभिनेता ऋतिक रोशन और सैफ अली खान को लेने की बातें चल रही है। खबरों के अनुसार ये दोनों ही कलाकार फिल्म विक्रम वेधा के रीमेक में मुख्य किरदार में नजर आएंगे। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है जिसको सुनने के बाद आप उत्साहित हो जाएंगे। अभिनेता ऋतिक रोशन जहां फिल्म में गैंगस्टर के रोल में दिखाई देने वाले हैं। वहीं सैफ अली खान एक पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आने वाले हैं। अब ऐसे में अभिनेता सैफ अली खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। अभिनेता ने फिल्म के लिए काफी मोटी रकम मेकर्स से वसूली है। खबरों के अनुसार अभिनेता सैफ अली खान फिल्म के लिए करीब 12 करोड़ रूपए जार्च कर रहे हैं। फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक की शूटिंग जल्द ही शुरू करेंगे। खबरों में कहा जा रहा है कि, फिल्म के प्री प्रोडक्शन का काम चल रहा है। हो सकता है कि इसी साल गर्मियों में जून के महीने में फिल्म की शूटिंग शुरू की जाए। वैसे आपको बता दें कि फिल्म को लेकर कोई भी अधिकारी का ऐलान नहीं किया गया है। उम्मीद है कि फिल्म का आधिकारिक जल्द ही किया जाएगा।

### आदित्य नारायण की जगह ऋत्विक धंजानी आएंगे नजर


रियलिटी शो इंडियन आइडल 12 सोनी चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है. इस शो को एक बार फिर से फैंस के बीच उतना ही प्यार मिल रहा है जिसका पहले कभी पसंद किया जाता था. शो के कंटेस्टेंट को फैंस काफी पसंद किया जा रहा है. अब शो को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है. खबर के अनुसार अब आदित्य नारायण की जगह शो को ऋत्विक धंजानी को होस्ट करेंगे. हाल ही में शो के होस्ट आदित्य नारायण को कोरोना हो गया है. आदित्य इन दिनों रियलिटी शो इंडियन आइडल 12 को होस्ट करते नजर आते हैं, लेकिन कोरोना की चपेट में आने के कारण उन्होंने फिलहाल शो को छोड़ दिया है. आदित्य नारायण ने खुज सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की थी।

# मानेकशॉ पर बन रही बायोपिक सैम बहादुर में मुख्य भूमिका में दिखेंगे विक्की कौशल



भारत के सबसे महान युद्ध नायकों में से एक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का जन्म को एक सदी हो चुके हैं। और आज उनकी जयंती के अवसर पर, आरएसवीपी से रॉनी स्क्रूवाला और फिल्म निमार्ता मेघना गुलजार ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म के शीर्षक 'सैम बहादुर' की घोषणा कर दी है। बहादुर मानेकशॉ के जीवन और समय के आधार पर, 'सैम बहादुर को इस विकराल फिल्म में प्रतिभाशाली विक्की कौशल द्वारा जीवित किया जाएगा जिसने पहले से ही अपने लुक रिलीज के साथ हर किसी का ध्यान आकर्षित कर लिया है। सैम मानेकशॉ के सैन्य करियर में चार दशक और पांच युद्ध शामिल है। वह पहले भारतीय सेना अधिकारी थे जिन्हें फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था और 1971 के भारत-पाक युद्ध में उनकी सैन्य जीत के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। सैम मानेकशॉ की बायोपिक में विक्की कौशल का पहला लुक 2019 में जारी किया गया था, जिसमें सैम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई थी। पिछले साल, निमार्ताओं ने विक्की कौशल का दूसरा लुक जारी किया था जिसमें विक्की का फील्ड मार्शल से हूबहू मिलते लुक सभी को स्तब्ध कर दिया था। फिल्म की घोषणा, प्रतिक्रिया और 'सैम बहादुर' में विक्की कौशल के लुक की प्रतिक्रियाओं ने इस बात की गवाही दी है कि युद्ध और जीवन में मानेकशॉ की पौराणिक स्थिति को याद किया जाता है और वे आज भी प्रासंगिक हैं। इस सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित निर्देशक मेघना गुलजार कहती हैं, वह एक सैनिक के सिपाही और एक सज्जन व्यक्ति थे। सैम बहादुर जैसे पुरुष अब ओर नहीं बनते हैं। मैं रोनी स्क्रूवाला और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली विक्की कौशल के साथ उनकी कहानी पेश करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। फील्ड मार्शल की जयंती पर, उनकी कहानी को नाम मिला है। मैं बहुत ज्यादा खुश हूं। शीर्षक भूमिका निभा रहे विक्की कौशल ने साझा किया, मैंने पंजाब से तालुख रखने वाले मेरे माता-पिता से हमेशा सैम बहादुर के बारे में कहानियाँ सुनी हैं और वह 1971 का युद्ध देख चुके हैं लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मेरे होश उड़ गए थे। वह एक नायक और देशभक्त है, जिन्हें आज भी याद किया जाता है और प्यार किया जाता है और फिल्म में उसकी भावना को कैप्चर करना मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्व रखता है। आगे, निर्माता रोनी स्क्रूवाला कहते हैं, हम अपने सबसे महान नायकों में से एक की कहानी को उजागर करने और उसकी जन्मशती के अवसर पर शीर्षक 'सैम बहादुर की घोषणा करने के लिए उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

# जॉन अब्राहम ने शुरू की 'पठान' की शूटिंग, विलेन बनकर शाहरुख खान को देंगे टक्कर



रोमांस के किंग शाहरुख खान लंबे समय से बड़े पर्दे से गायब हैं. शाहरुख की वापसी का सभी को बेसब्री से इंतजार है इसलिए वह अक्सर सोशल मीडिया पर किंग खान से उनकी फिल्म के बारे में पूछते रहते हैं. इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम लीड रोल में नजर आने वाले हैं. जॉन इस फिल्म में विलेन बनकर शाहरुख खान को टक्कर देते नजर आएंगे. जॉन ने मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. जॉन अब्राहम, शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण पहली बार साथ में काम करने जा रहे हैं. सिद्धांत आनंद के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग जॉन ने यशराज स्टूडियो में शुरू कर दी है. उन्हें यश राज स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया है. जॉन और शाहरुख खान के कई एक्शन सीन साथ में फैंस को देखने को मिलेंगे. इतना ही नहीं, दीपिका पादुकोण भी इस महीने के आखिर में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी करेंगी. रिपोर्ट्स की माने तो मुंबई में अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम विदेश में फिल्म के अन्य भाग की शूटिंग करेंगे.फैंस को शाहरुख और जॉन के एक्शन सीन देखने का बेसब्री से इंतजार है. मेकर्स जल्द ही फिल्म को लेकर अनाउंसमेंट करने वाले हैं. शाहरुख खान की फिल्म पठान में सलमान खान कैमियो करते नजर आएंगे. उन्होंने खुद बिग बॉस 14 में बताया था कि वह पठान में नजर आएंगे. जिसके बाद से सलमान के फैंस भी काफी उत्सुक हैं. सलमान ने पठान की शूटिंग पूरी कर ली है. फिल्म में सलमान का एक छोटा सा रोल है।

## अर्जुन कपूर और करीना कपूर ने किया फिल्म की एंड का के सीक्वल बनाने की डिमांड





बॉलीवुड के मशहूर कलाकार अर्जुन कपूर और करीना कपूर खान को एक साथ फिल्म की एंड का में देखा गया था। इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे 5 साल हो गए हैं। इस खास मौके पर दोनों ही कलाकारों ने फिल्म की शूटिंग सेट को याद किया और साथ ही ये भी कहा कि फिल्म का सीच्ल बनना चाहिए। अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वह अपने हाथ में मंगलसूत्र पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। अर्जुन ने इस पोस्ट को करते हुए करीना कपूर से एक सवाल भी किया। जिस पर अभिनेत्री का मजेदार जवाब भी सामने आया है। करीना कपूर खान ने फिल्म के 5 साल पूरे होने पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, इस फिल्म का सीच्ल बनना चाहिए। इस फिल्म को लेकर कुछ और भी बातें लिखी है जिस पर करीना कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक तस्वीर शेयर की है। जिसके साथ लिखा है कि एक फिल्म जिसे मैंने पूरी तरह इंजॉय किया। एक फिल्म जो काफी बोल्ड थी।

# प्रिया बनर्जी ने 'बेकाबू-2' के लिए बेकिंग क्लास की



अभिनेत्री प्रिया बनर्जी ने बेकाबू 2 के लिए बेकिंग में निपुण होने के लिए विशेष कक्षाओं में शामिल हुईं। अभिनेत्री ने कश्ती की भूमिका निभाई है जो शो में कपकेक की दुकान की मालकिन है। वह कहती हैं, बेकिंग बेहद थेरैप्यूटिक है, इसलिए जब किरदार को बेकिंग स्किल की जरूरत होती है, तब मैंने ऐसा करने का फैसला किया। प्रिया कहती हैं, लॉकडाउन के दौरान बेकर्स और शेफ के काम को देखकर वह बहुत प्रेरित हुई। मुझे बस उस मौके की तलाश थी जो बेकाबू 2 में कश्ती की भूमिका के रूप में आई। मैंने आखिरकार इस मौके को लपक लिया और इसके लिए मैंने दो कक्षाओं में दाखिला लिया और इस प्रक्रिया में मदद करने के लिए कुक की किताब के एक सीखना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, कला के प्रति मेरा समर्पण इतना बढ़ गया है, मैंने बेकिंग उपकरण में भी निवेश करना शुरू कर दिया है। बेकिंग अब मेरे जीवन का इतना महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। सीरीज में सुभा राजपूत, ताहिर शब्बीर, पोलोमी दास, ताहा शाह बादुशाह, स्मरण साहू और तुषार खन्ना भी हैं। यह ऑल्ट बालाजी पर प्रसारित होता है।

# आलू बुखारा खाने से मिलती है बड़ी बड़ी बीमारियों से लड़ने में मदद, जानिए हैरान करने वाले फायदे




हर औसम में कोई न कोई फल ऐसा होता है जो की बहुत ही ज्यादा गुणकारी होता है और साथ ही वह कई बीमारियों से लड़ने में भी हमारी मदद करता है । कहा जाता है की दिन भर में एक फल का सेवन अवश्य करना चाहिए । फल का सेवन करने से हमको कई बीमारियों से बचाव करने में तो मदद मिलती ही है साथ ही कई सारी ऐसी बीमारियाँ है जिनसे लड़ने में भी मदद मिलती है जिंका कोई इलाज़ नहीं है ।

आज हम बात कर रहे हैं इस मौसम की जान आलू बुखारे के बारे में । यह महरून लाल रंग का एक फल होता है । जो कि खाने में मीठा और खट्टा होता है । इसको कई लोग नमक लगा कर भी सेवन करते हैं । इसमें कई तरह के पोषक तत्व भी पाये जाते हैं । यह तत्व हमको कई बीमारियों से ही नही बल्कि स्किन की भी परेशानियों से बचाने का काम करते हैं । आइये जानते हैं इस फल के बारे में किंकया है इसके फायदे ।

आलू बुखारा में मौजूद विटमिन्स के कारण यह हड्डियों को मजबूत रखने में मददगार है। आलू बुखारे में मौजूद फाइट्रोन्यूट्रियंट्स महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में भी सहायक है। इसलिए आलूबुखारे के सेवन से आपकी हड्डियां मजबूत होंगी और हड्डी फैक्चर का खतरा भी कम होगा। आलू बुखारा डायबिटीज़ , मोटापा , बीपी , के साथ साथ स्किन के लिए भी आलूबुखारा काफी फायदेमंद है।

## मास्क का इस्तेमाल करने के दौरान इन बातों का रखें खास ख्याल



कोरोना वायरस से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क और हाथों को साफ रखने की सलाह दी जा रही है। इन सभी का अधिकतर लोग पालन भी कर रहे हैं। लेकिन जब आप मास्क का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है, जैसे मास्क का उपयोग कैसे करना है और कैसे नहीं? इस लेख में हम आपको बताएंगे कि मास्क के इस्तेमाल के दौरान किन बातों का आपको ध्यान रखना चाहिए....

जब आप अकेले हों तो इसे उतार दें और पूरे समय इसे पहनकर न बैठें। कार में भी चेहरे पर मास्क का इस्तेमाल करने से बचें। आप यदि अकेले हैं तो आपको मास्क की जरूरत नहीं है।

### एसी में मास्क पहनने से बचें।

मास्क का इस्तेमाल घर में करने की जरूरत नहीं होती।जब आप किसी भीड़ वाली जगह पर हैं, तब इसका उपयोग करें। अपने आपको सबसे अधिक बार अलग करते हुए इसका उपयोग कम करें। अपने साथ 2 मास्क रखें और हमेशा हर 4-5 घंटे में बदलाव करें और अधिक समय तक लगातार मास्क का इस्तेमाल न करें।

## दवा का काकस

भारत में कोरोना वायरस महामारी की पहली और दूसरी लहर के दौरान लोगों को घंटों लाइन में लगकर दवा खरीदते देखा गया। संक्रमण फैलने के डर के बावजूद भीड़ के बीच जिस दवा को लेने की होड़ मची थी, वह थी डोलो-650 एमजी की टैबलेट। भारत में तो यह दवा कोरोना वायरस के इलाज का पर्याय बन गई थी। डोलो की लोकप्रियता का आलम यह था कि सोशल मीडिया तक पर इसको लेकर मीम्स भी बन गए। डोलो की निर्माता कंपनी माइक्रो लैब्स को इसकी बिक्री से जबरदस्त फायदा हुआ। हालांकि, 2022 की शुरुआत में कोरोना लहरों के छंटने के बाद जब जांच एजेंसियां फिर से सक्रिय हुईं तो डोलो बनाने वाली कंपनी भी टैक्स में हेराफेरी के मामलों में घिर गई। आरोप लगा है कि माइक्रोलैब्स ने डॉक्टरों को एक हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा के मुफ्त उपहार बांटे, ताकि वे मरीजों को डोलो-650 एमजी दवा लेने की सलाह दें। डोलो की निर्माता कंपनी पर लगे इन आरोपों से मामले की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ खुद भी चौंक गए। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्होंने खुद भी यह दवा ली है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर नई याचिका के बाद कंपनी की दिक्कतें बढनी तय हैं, जिसका इलाज किसी भी गोली में नहीं है। फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि इस तरह के मामलों में रिश्वत के लिए डॉक्टरों पर तो केस चलता है, पर दवा कंपनियां बच जाती हैं। याचिका में डॉक्टरों को तोहफे देने वाली दवा कंपनियों की जवाबदेही भी तय किए जाने की मांग की गई। याचिका में कहा गया है कि फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज के लिए यूनिफॉर्म कोड बनाने की जरूरत है। इसके ना होने के चलते मरीजों को ब्रांडेड कंपनियों की बहुत ज्यादा कीमत वाली दवाई खरीदनी पड़ती है, क्योंकि अक्सर उनका इलाज करने वाले डॉक्टर महंगे गिफ्ट के लालच में मरीजों को वही दवाई पर्चे पर लिखते हैं। बहरहाल, देश में उस समय दवा की बिक्री को लेकर जिस तरह का माहौल तैयार किया गया, वह सही नहीं है। दवा की एक-एक खुराक के लिए तरस कर मर गए लोगों के साथ यह अन्याय था। माना कि सभी कंपनियों का एक मात्र उद्देश्य कमाई होता है, मगर समय, काल और परिस्थिति भी मायने रखती है। देश में डोलो का कारोबार इसलिए फैला क्योंकि कोरोना के दौर में बढ़ती मांग के बीच पैरासिटामॉल बनाने वाली अधिकतर कंपनियां दवा की आपूर्ति करने में सक्षम नहीं हो पाईं जबकि डोलो-650 सभी जगह उपलब्ध रही। सीबीडीटी ने इसी कड़ी में आरोप लगाए हैं कि डोलो के निर्माताओं की तरफ से अपनी दवा की जबरदस्त मार्केटिंग और इसका प्रिस्क्रिप्शन तय कराने के लिए डॉक्टरों को 1,000 करोड़ रुपये के गिफ्ट दिए गए। इसी वजह से डोलो-650 पूरे कोरोनाकाल और इसके बाद भी लोगों के बीच लोकप्रिय रही। भारत में औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश (डीपीसीओ) के तहत एक फिक्स फॉर्मूले से बनी आवश्यक दवाओं की कीमतें आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तय कर दी जाती हैं। यानी कोई भी कंपनी इस कानून के तहत तय की गई दवाओं की कीमतों को अपनी तरफ से नहीं बढ़ा सकतीं। जाहिर तौर पर यह एक बड़ी समस्या है। पैरासिटामॉल की 500 मिलीग्राम की टैबलेट की कीमतें औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश के तहत सीमित रखी गई हैं। लेकिन इसी दवा की 650 मिलीग्राम की टैबलेट पर डीपीसीओ का नियंत्रण नहीं है। बल्कि दवा कंपनियां 500 एमजी से ऊपर की दवाओं की कीमत खुद ही तय कर सकती हैं। यहीं पर माइक्रोलैब्स जैसी कंपनियों को अपनी डोलो-650 एमजी की कीमत ज्यादा तय करने का मौका मिल गया। जाहिर तौर पर यह एक बड़ी समस्या है।

# "अखँड भारत" मतलब पूरे देश पर "एकछत्र राज"


ओमप्रकाश मेहता

देश को अब धीरे-धीरे यह समझ में आने लगा है कि भारतीय जनता पार्टी जो एक जमाने से 'अखंड भारत' का नारा लगा रही है, उसका अर्थ और कुछ नहीं बल्कि सिर्फ और सिर्फ केन्द्र के बाद पूरे भारत के राज्यों में भी उसका 'एकछत्र' राज कायम होना है। ....और अब उसी 'अखंड भारत' के निर्माण की दिशा में पार्टी काफी सक्रियता बढ़ा दी है और येन-केन-प्रकारेण मौजूदा गैर भाजपाई सरकारों को बदनाम करने-कराने का अभियान शुरू कर दिया गया है। इसका ताजा उदाहरण जम्मू-कश्मीर, बिहार, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की राजनितिक गतिविधियां है। इन राज्यों के अलावा भाजपा की सबसे बड़ी ''आंखों की किरकिरी'' दिल्ली सरकार है, जिस पर राज करने वाली 'आप' पार्टी प्रधानमंत्री जी के गृहराज्य गुजरात के सपने देखने लगी है, इसलिए गुजरात को बचाने के लिए भाजपा वे केन्द्र सरकार जी-जान से जुट गई है।

अब हम यदि गैर भाजपाई शासित राज्यों की चर्चा करें तो सबसे पहले बिहार, जहां कुछ दिनों पहले तक भाजपा सहयोगी दल के रूप में सरकार में थी, किंतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अचानक भाजपा से गठबंधन तोड देने से भाजपा सकते में आ गई है, फिर भाजपा नेतृत्व को यह भी महसूस हुआ कि नीतीश कुमार मोदी जी का विकल्प बनकर 2024 के चुनाव में ताल ठोंककर मैदान में आ सकते है तो वह और अधिक सतर्क हो गई, अब नीतीश कुमार की हर छोटी-बड़ी राजनीतिक गतिविधि पर भाजपा तीखी नजर बनाए हुए है, खासकर उनके और लालू यादव परिवार के मधुर होते सम्बंध पर। नीतीश भी अगले अठारह महीनों का एक-एक पल का पूरा सदुपयोग कर अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने में जी-जान से जुट गए है।

यह तो हुई बिहार की बात। अब यदि हम दिल्ली की आप सरकार के ताजा घटनाक्रमों की चर्चा करें तो वहां तो भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने आपके शीर्ष नेतृत्व के चरित्र हनन से अपने अभियान की शुरूआत की है, दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल व उनके प्र्रमुख सहयोगी उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया को कथित शराब नीति कांड में फंसाकर नए-नए गंभीर आरोप लगाना ही शुरू नहीं किया गया बल्कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया के निवास पर जो सीबीआई को छापा भी डलवा दिया गया और करीब चौदह घंटों तक उनके आवास में खोजबीन की गई, किंतु बताया जा रहा है कि सीबीआई को शराब कांड के कोई पुख्ता दस्तावेज नहीं मिले, फिर भी सिसौदिया को आशंका है कि अगले दो-चार दिन में उनकी गिरफ्तारी हो जाएगी उल्लेखनीय है कि इसके पहले आप सरकार के एक और मंत्री सत्येन्द्र जैन की भी गिरफ्तारी हो चुकी है और वे जेल में ही है। अर्थात् जो सरकार मतपत्रों से नहीं हटाई जा सके, उसे राजनीतिक हथकंड़ों से हटाने के प्रयास किए जा रहे है।

अब बिहार-दिल्ली के बाद यदि पश्चिम बंगाल की चर्चा करें तो वहां जो ममता सरकार के खिलाफ केन्द्र द्वारा किया जा रहा है, वह किसी से भी छुपा नहीं है



इसलिए यह कहा जा रहा है कि जगदीप धनखड़े को जो उप-राष्ट्रपति पद हेतु चुना गया, वह उनके ममता विरोधी कदमों का परिणाम है, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहते श्री धनखड़ ने ममता सरकार के खिलाफ कई प्रशासनिक कदम उठाए। अब ममता का संयुक्त प्रतिपक्ष की नैत्री बनकर भावी प्रधानमंत्री बनने का सुनहरा ख्वाब भाजपा के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। इसी कारण अब ममता केन्द्रीय सरकार व भाजपा के प्रथम निशाने पर है।

अब यदि हम जम्मू-कश्मीर की बात करें, तो उससे यह स्पष्ट होता है कि अपनी राजनीतिक मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार संवैधानिक संगठनों का भी दुरूपयोग करने लगी है, हाल ही में जम्मू-कश्मीर के भावी विधानसभा चुनावों में अपनी फतह के लिए भाजपा नेतृत्व ने चुनाव आयोग के माध्यम से गैर कश्मीरी मतदाताओं को भी जम्मू-कश्मीर में मतदान करने की अनुमति दे दी है, जिनकी संख्या करीब पच्चीस लाख है भाजपा की उम्मीद है कि इन पच्चीस लाख वोटों से उसकी मनोकामना पूरी हो जाएगी और वहां के स्थानीय दलों पर वह फतह प्राप्त कर वहां अपनी सरकार कायम कर लेगी, अब यह तो भविष्य के गर्भ में है कि भाजपा अपने इन गैर संवैधानिक प्रयासों में कहां तक सफलता प्राप्त कर पाती है?

यदि हम अन्य गैर भाजपाशासित राज्यों की बात करें तो राजस्थान की कांग्रेसी सरकार के खिलाफ जहां आए दिन नए-नए हथकंड़े अपनाए जा रहे है, वहीं महाराष्ट्र में शिवसेना की सरकार को जमींदोज करने वाले प्रमुख नेता देवेन्द्र फडनवीस को भाजपा की राष्ट्रीय चुनाव समिति में सदस्यता का ईनाम भी दिया गया, ऐसी ही राजनीतिक चाले देश की मौजूदा अन्य गैर भाजपाई राज्य सरकारों के खिलाफ भी चली जा रही है।

भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के इन हथकंड़ों से अब यह तो स्पष्ट होने लगा है कि भाजपा 2024 के चुनावों को लेकर आशंकित व भयभीत अवश्य है, उसे अब मोदी जी के नेतृत्व में उतना विश्वास नहीं रहा जितना 2014 व 2019 के चुनावों के वक्त था। प्रतिपक्ष भी भाजपा के इस भय से पूरी तरह अवगत हो गया है और अपने स्तर पर 2024 में पासा पलटने को आतुर है, किंतु उसके साथ सबसे बड़ी परेशानी यह है कि वह एकजुट है और उसके हर नेता को प्रधानमंत्री पद का रंगीन ख्वाब सताने लगा है, अभी भी समय है यदि प्रतिपक्षी दल व उसके नेता अपने आपसी मतभेद मिटाकर एकजुट हो जाए और अपना निर्विरोध नेतृत्व खोज लें तो 2024 में उनकी मनोकामना पूरी हो सकती है, .....पर ऐसा हो तब ना....?

## सत्ता और नैतिकता

सत्ता के संचालन में शक्ति की अपेक्षा रहती है या नहीं, यह एक बड़ा प्रश्न है। शक्ति दो प्रकार की होती है- नैतिक शक्ति और उपकरण शक्ति। नैतिक शक्ति के बिना तो व्यक्ति सही ढंग से प्रशासन कर ही नहीं सकता। उपकरण शक्ति का जहां तक प्रश्न है, एक सीमा तक वह भी जरूरी है। किंतु वह शक्ति का एकमात्र तत्व नहीं है। उससे भी अधिक आवश्यक है- बुद्धि, विवेक, साहस और निर्णायक क्षमता। जिस शासक में ये चारो तत्व नहीं होते, वह सही रूप से सत्ता को संचालित नहीं कर सकता। एक शासक के पास बहुत बड़ी सेना हो, शस्त्रों का विशद भंडार हो; पर सही समझ न हो और समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता न हो तो शक्ति भी अहितकर बन जाती है। सामान्यत- राष्ट्रीय एवं सामाजिक सत्ता के संचालन में शक्ति तत्व अपेक्षित रहता है, पर वही सब कुछ नहीं है, परम तत्व नहीं है। अधिकारी व्यक्ति की चरित्रनिष्ठा, जागरूकता और जनता की सहानुभूति का योग होने से ही सत्ता के गलियारों को पार किया जा सकता है। किसी एक तत्व की कमी होते ही प्रशासक विवादों के घेरे में खड़ा हो जाता है। उस समय वह सत्ता का संचालन करता है या सत्ता के द्वारा संचालित होता है, कुछ कहना कठिन है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम और रावण का प्रसंग प्रसिद्ध है। रावण की सत्ता से संसार कांपता था, इधर राम वनवासी थे। उनके पास न वैसी सेना थी, न वैसा शास्त्रबल था। फिर भी उन्होंने रावण की सत्ता को चुनौती दे दी। रावण धराशायी हो गया, क्योंकि उसका चरित्रबल क्षीण हो गया, सूझबूझ समाप्त हो गई, सही निर्णय लेने की क्षमता चुक गई और उसने जनता की सहानुभूति खोकर गृह-कलह के बीज बो दिए। शक्ति के

## आजादी का अमृत महोत्सव, पर छुआछूत से मुक्ति नहीं

सोनम लववंशी

आज़ादी का अमृत महोत्सव और दूसरी तरफ जातिवादी उत्पीड़न की ख़बर। ऐसे में कैसा महोत्सव मना रहे हम? यह समझ से परे है। जालौर के एक निजी स्कूल में शिक्षक ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले एक दलित छात्र की सिर्फ इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि छात्र ने शिक्षक की मटकी से पानी पी लिया। यह घटना राजस्थान के जालौर जिले के सायला तहसील के एक गांव की है। जहां 20 जुलाई को स्कूल संचालक और शिक्षक ने 9 साल के मासूम बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना में बच्चे को गम्भीर चोट आई, और 13 अगस्त को ईलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। अब जरा सोचिए कि इक्कीसवीं सदी में हम किस हालात में जी रहें हैं। एक मासूम बच्चा जो ठीक से जात पात का मतलब भी नहीं समझ पाता हो। उसे एक शिक्षक द्वारा छुआछूत के चलते बेरहमी से पीटना क्रूरता की पराकाष्ठा है, लेकिन हम तो आज़ादी के अमृतकाल में जी रहें हैं! देश के कोने-कोने में तिरंगा झंडा फहराए जा रहें हैं, लेकिन मानवता आज कहाँ खड़ी है। शायद इसकी परवाह किसी को नहीं।

क़िताबों में हम पढ़ते हैं कि जाति प्रथा एक सामाजिक बुराई है। पर अफ़सोस की आज भी हमारा देश इसके चुंगल में जकड़ा हुआ है। छुआछूत, ऊंच-नीच, दलित-स्वर्ण का भेद अभी भी समाज से खत्म नहीं हुआ है। हम सभी जानते हैं कि जातिवाद राष्ट्र के विकास में बाधक है, लेकिन फिर भी इसके नाम पर अत्याचार जारी है। संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग से शुरू होती है, लेकिन उसी संवैधानिक देश में भारतीयों को जातियों में बांटकर देश के विकास को अवरुद्ध किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 15 में राज्य के द्वारा धर्म, जाति, लिंग यहां तक कि जन्म स्थान के आधार पर नागरिकों के साथ किसी भी प्रकार से भेदभाव नहीं किए जाने की बात कही गई है। वहीं अनुच्छेद- 17 जातिवाद को पूरी तरह से निषेध करता है, बावजूद इसके तमाम राजनीतिक दल जातिगत राजनीति करते है और आज उसकी परिणीति राजस्थान में हम सभी के सामने है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और वह सिर्फ अपनी सत्ता बचाए रखने में लगी रहती है। जिसकी वजह से



प्रदेश का सामाजिक परिवेश लगातार बिगड़ रहा है। देश-प्रदेश में निचली जातियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए तमाम कानून भी बन चुके हैं, लेकिन हालत आज भी बद्तर ही नजर आते हैं। वैसे यह कोई पहला मामला नहीं जब जातिवाद के नाम पर बवाल मचा है। सवाल तो यह भी है कि जब शिक्षा के मंदिर से जातिवाद को बढ़ावा दिया जाएगा। फिर भारत का भविष्य क्या होगा? वैसे देखा जाए तो हमारी राजनीतिक व्यवस्था भी जातिवाद को पोषण देने का ही काम कर रही है। यहां तक कि हमारे जनप्रतिनिधि भी जाति देखकर अपना पराया करते है। यही वजह है कि जातीय मानसिकता समाज में अपनी मजबूत पैठ बना चुकी है। आंकड़ो की बात करें तो देश में साल 2018 से 2020 के बीच दलितों पर अत्याचार के 1 लाख 29 हजार मामले दर्ज हुए। इसमें उत्तरप्रदेश पहले नंबर पर है। उसके बाद बिहार और मध्यप्रदेश का नम्बर आता है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की माने तो साल 2019 में अनुसूचित जातियों पर अपराध के मामलों में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि अधिकतर मामलों में ऐसे अपराधों को दर्ज ही नहीं किया जाता, क्योंकि रौबदार डरा धमकाकर मामला शांत करने का दबाव बनाते है। जब भी समाज में इस तरह की घटना घटित होती है तो तमाम राजनीतिक दल उस पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने लगते है, पर कभी कोई दल यह सुनिश्चित नहीं कर पाया है कि ऐसे अपराधों पर कठोर दंड का प्रावधान किया जाए। राजस्थान की ही बात करें तो यहां पर अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। एक मामला शांत नहीं होता कि दूसरी घटना घटित हो जाती है, आख़िर क्या वजह है जो राजस्थान में अपराधी बेखौफ हो गए है? अभी 10 अगस्त की ही घटना को देख लीजिए। एक शिक्षिका को महज इसलिए आग लगा दी क्योंकि वह अपनी उधार दी हुई रकम वापस मांग रही थी। शिक्षिका ने इसकी शिकायत पुलिस थाने में की बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों ने शिक्षिका को जिंदा जला दिया। उस महिला ने अपनी जान बचाने के लिए पुलिस को फोन भी किया। थाने से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर ही इस घटना को अंजाम दिया गया पर राजस्थान पुलिस समय पर नहीं आ सकी और एक शिक्षिका की जान चली गई।

# संकल्पशक्ति कैसे जागृत हो?

### सूडोकु नवताल- 6171

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6170 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

आचार्य प्रशान्त

संकल्प का जो बल है वो ऊँचे-से-ऊँचा तब होगा जब संकल्प का विषय ऊँचे-से-ऊँचा होगा। और यही उचित भी है क्योंकि अगर इससे अलग कुछ हो गया तो बात भयानक हो जानी है। किसी छोटे, निचले, विषय को ले कर के आपने बड़ा ज़बरदस्त संकल्प बना लिया तो आपको अधिक-से-अधिक हासिल भी होगा तो क्या? कुछ नहीं।

एक तो ये कि बहुत ज़्यादा कुछ हासिल होगा नहीं। दूसरी बात ऊँचा विषय ही आपकी ऊँची ऊर्जा को जागृत कर सकता है। जब आप किसी ऊँचे विषय को ले करके संकल्प बनाते हैं तो ही आपकी ऊँची ऊर्जा जागृत होती है। हममें से बहुत लोग कहा करते हैं कि आलस रह जाता है या इच्छा शक्ति नहीं उठती या मनोबल कुछ दूर चल कर टूट जाता है। उसकी वजह समझिए। आप जिस चीज़ की कामना कर रहे हैं, जिस चीज़ को लक्ष्य कर रहे हैं, वो इतना ऊँचा है ही नहीं कि उसके लिए बहुत जान या ताकत या संकल्प लगाना पड़े। तो फिर आपकी ज़िन्दगी में बहुत ऊर्जा की ज़रुरत ही नहीं है। आप करोगे क्या उतनी ऊर्जा का? ऊर्जा उठती भी नहीं।

जितनी ऊँची चीज़ माँगोगे उसके लिए उतने ज़्यादा प्रयत्न की ज़रुरत पड़ेगी न? जितने ज़्यादा प्रयत्न की ज़रुरत पड़ती है भीतर से समझलो उतनी ही शक्ति खुल जाती है। आपकी शक्ति अगर नहीं खुल रही तो उसकी वजह ही यही है कि आपके पास कोई ऊँचा लक्ष्य होगा नहीं। और ऊँचा लक्ष्य क्यों नहीं है? क्योंकि आप तर्क देते हो कि, ÷मेरे पास ज़्यादा शक्ति और ऊर्जा नहीं है।÷ लेकिन, शक्ति और ऊर्जा बाद में आती है, पहले आता है लक्ष्य। पहले वो लक्ष्य आता है जिसका आपने संकल्प किया। पर आप कहते हो कि, ÷मैं अभी ज़िन्दगी को देख रहा हूँ उसमें दिखाई पड़ रही है थोड़ी बहुत शक्ति, थोड़ी ऊर्जा, थोड़ा मनोबल, तो इसी के अनुपात में मैंने अपने लिए एक छोटा सा लक्ष्य निर्धारित कर लिया।÷ वो छोटा सा लक्ष्य अगर मिल भी गया तो क्या मिला? आपने अपने लिए लक्ष्य ही यही बनाया है कि आपको यहाँ से उठ कर उस दरवाज़े तक जाना है तो आप करोगे क्या दौड़ लगा करके? साधारण चाल चलोगे तो भी पहुँच जाओगे, बहुत ऊर्जा की आपको ज़रुरत ही नहीं। समझ रहे हो? जो भी छोटी-छोटी कामनाएँ हैं वो आपको सीमित ही नहीं रखती हैं वो आपके मन में ये बात डाल देती हैं कि सीमित होना आपकी किस्मत है। छोटी कामना खुद ही छोटी नहीं है वो आपको भी छोटा बना देती है। बड़े की माँग करिए, बड़े की चाहत करिए।

बड़े से मतलब समझ रहे हो? आध्यात्मिक भाषा में बड़े का क्या अर्थ होता है? वो जो आपका आतंरिक छुटपन मिटा दे। आतंरिक छुटपन क्या होता है? किसी से दो रूपए झपट लिए, किसी को आगे बढ़ते देखा तो ईर्ष्या होने लग गई, किसी ने थोड़ा धमका दिया तो डर गए, कहीं कुछ गलत होते भी देखा तो कहा, ÷इसमें मेरा क्या जाता है।÷ ये आतंरिक छुटपन है। तो फिर बड़ा लक्ष्य क्या हुआ? कुछ ऐसा पाने निकलिए, कुछ ऐसा करने बढ़िए, जो आपके भीतर इन चीज़ों को बचा न रहने दे।

आप अपने-आपको भूल जाएँ जिसकी सेवा में वो लक्ष्य बड़ा कहलाता है। आप अपनी सब छोटी-छोटी खूवाहिशों को एकदम बस भूल ही जाएँ बिना कोशिश किए, ऐसा लक्ष्य बड़ा कहलाता है। और ऐसा बड़ा लक्ष्य जब आप बना लेते हैं तो फिर देखिए कि भीतर से कितनी जान अपने आप उठती है। उठनी ही पड़ेगी, समझ रहे हो?

छोटी माँगों में, एक छोटी ज़िन्दगी जीना, और छोटे ही बन कर रह जाना, इसमें कुछ नहीं रखा है। यही करते-करते एक दिन ख़त्म हो जाओगे। ÷मेरी इच्छा, मेरा पैसा, मेरी इज़्ज़त÷, इनमें कुछ नहीं रखा। कुछ समझ में आई बात? बड़ा काम वो नहीं होता जिसमें आपको बड़ा पैसा मिल रहा है, या दुनिया जिसमें आपको कह रही है कि, ÷ये तो बड़ी पदवी पर है, बड़ी कंपनी है, करियर प्रॉस्पेक्ट्स (रोज़गार के अवसर) अच्छे हैं।÷ बड़ा काम वो नहीं होता। बड़ा काम वो होता है जो आपको छोटा न रहने दे। वो काम ऐसा है कि अगर पूरा करना है तो तुम्हें भीतर से खुद को बदलना पड़ेगा। तुम, तुम रहकर उस संकल्प को पूरा ही न कर पाओ, ऐसा संकल्प बड़ा कहलाता है। कि हम जैसे हैं अगर हम ऐसे ही रह गए तो ये संकल्प तो कभी नहीं पूरा होगा, इस काम को करने के लिए हमें बढ़ना होगा, सुधरना होगा, मिटना होगा, ऐसा काम बड़ा कहलाता है। जो काम आप जैसे हैं वैसा रहते हो जाए, वो काम शायद करने लायक ही नहीं है। और आप जैसे हैं उसी हालत में आपसे जो काम हो जाएगा अक्सर उस काम के एवज में आपको रूपया-पैसा खूब मिल जाता है।

## रूस ने पकड़ा भारत का दुश्मन

वेदप्रताप वैदिक

रूस से संबंधित अभी-अभी दो घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्होंने सारी दुनिया का ध्यान खींचा है। पहली घटना है- दारिया दुगिना की हत्या। यह लड़की रूसी नेता व्लादिमीर पूतिन के मुख्य रणनीतिकार अलेक्जेंडर दुगिना की बेटी थी। दूसरी घटना भारतीयों के लिए और भी ज्यादा गंभीर है। वह है आजमोव की गिरफ्तारी की ! आजमोव को रूसी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, क्योंकि उससे कई ठोस प्रमाण मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि उज़्बेकिस्तान का यह नागरिक किसी बड़े भारतीय नेता की हत्या के लिए तैयार किया गया था। यह 'इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रॉविंस' का कारिंदा है। यह मुसलमान युवक किसी पूर्व-सोवियत राज्य से आकर तुर्किए में प्रशिक्षित हुआ है। इसे जिम्मेदारी दी गई थी कि वह भारत जाकर किसी नेता पर आत्मघाती हमला करे। यह हमला नुपूर शर्मा के बयान के विरोध में होना था। अब से तीन माह पहले 'इस्लामिक स्टेट' ने 50 पृष्ठ का एक दस्तावेज इसी मुद्दे पर जारी किया था, जिस पर गाय के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र भी था। तुर्किए में प्रशिक्षित यह 30 वर्षीय उजबेक आजमोव रूस पहुंच कर भारत आने की फिराक में था। इसके पीछे काम कर रही 'इस्लामिक स्टेट' चाहती थी कि वह 'अल-क़ायदा' के उग्रवाद से भी आगे निकल जाए। जब रूसी गुप्तचर एजेंसी ने आज़मोव को गिरफ्तार करके कड़ी पूछताछ की तो उसने बहुत-से रहस्यों को उगल दिया। मध्य एशिया के इन पूर्व-सोवियत देशों में इस्लामिक कट्टरवाद को रूसी कम्युनिस्टों ने कभी पनपने नहीं दिया था। इन पांच राष्ट्रों के सात करोड़ लोग ठीक से नमाज़ पढ़ना भी नहीं जानते थे। वे रोज़े भी ठीक से नहीं रखते थे। उन्होंने अपने तुर्की और फारसी नामों का भी रूसीकरण कर लिया था। जैसे आजम का आजमोव और रहमान का रहमानोव। लेकिन पड़ौसी मुस्लिम राष्ट्रों की मेहरबानी से वहां उग्रवाद और आतंकवाद की भट्टियां धधकने लगी हैं। इन स्वतंत्र हुए सभी प्राचीन आर्य राष्ट्रों में मुझे पहले और अब भी रहने का अवसर मिला है। मैं उनकी भाषा भी बोल लेता हूं। वे यदि उग्रवाद और आतंकवाद को नियंत्रित नहीं कर पाएंगे तो इन देशों को बर्बाद होने से कोई रोक नहीं पाएगा। रूस को इन देशों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी पड़ सकती है। जहां तक दारिया दुगिना की हत्या का सवाल है, रूसी अधिकारियों का कहना है कि एक यूक्रेनी औरत, जिसका नाम नतालिया वोक है, उसने दारिया की हत्या की है। वह भेजी तो गई थी अलेक्जेंडर दुगिना की हत्या के लिए लेकिन दारिया ही उसके हाथ लग गई।

# नई शिक्षा नीति भारत की आत्मा और भारतीयता की उद्घोषणा है: शाह



### आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री को वर्चुअली माध्यम से सुना

**मुरैना।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता ने पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति' विषय पर आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की व्याख्यान माला को वर्चुअली माध्यम से सुना। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने भी वैचारिक प्रबोधन कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि देश में पहले जो शिक्षा नीति प्रचलित थी, वो बच्चों को एक सफल प्रोफेशनल बना सकती थी, डॉक्टर, इंजीनियर बना सकती थी। लेकिन जो शिक्षा नीति बच्चे को एक महान व्यक्ति न बनाए, जो उसके व्यक्तित्व और मन की शक्ति का विकास न कर सके, वह सही नहीं हो सकती। महान देश, सिर्फ नदियों, पहाड़ों और संसाधनों से नहीं बनते, बल्कि वो महान व्यक्तियों के कारण महान होते हैं। मोदी ने 2020 में जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है, वह देश के बच्चों को महान व्यक्ति, महामानव बनाएगी तथा देश को एक महान देश बनाएगी, जो सारी दुनिया में सूरज की तरह चमकेगा। नई शिक्षा नीति भारत की आत्मा और भारतीयता की उद्घोषणा है। वही शिक्षा नीति सार्थक है, जो मनुष्य को उत्कृष्ट बनाए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, राकेश गर्ग, चारुकृष्ण दंडौतिया, भावना जालौन, मोहन चंद बांदिल, अरुण परमार, संजय दंडौतिया, राजेश सिकरवार, रीना दंडौतिया, कंचन चौहान, गुड्डी बाई, धीरज शर्मा, पिंटू तोमर, राजवीर सिंह यादव, दिलीप दंडौतिया, राहुल पचौरी, राकेश खटीक सहित सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत श्यामपुर खुर्द में जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

**अंबाह।** ग्राम पंचायत श्यामपुर खुर्द में सरपंच सत्येंद्र सिंह तोमर द्वारा जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आरती गुर्जर जिला पंचायत अध्यक्ष मुरैना, कामिनी भदौरिया अध्यक्ष भिंड, मधुरिमा तोमर जनपद अध्यक्ष अम्बाह एवं के पी सिंह भदोरिया का सम्मान किया गया। इस मौके पर सत्येंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जीतकर आए सभी जनप्रतिनिधि पर समाज ने जो जिम्मेदारी दी, उसका निर्वहन वह ईमानदारी से करें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सभी जनप्रतिनिधियों ने जनता द्वारा दी गई जिम्मेदारी का कर्तव्य पूर्वक पालन करने की बात कही। ग्रामीण लोगों ने भी इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों से अपनी अपेक्षाएं बताई और कहा कि जनप्रतिनिधियो का दायित्व है कि वह जनता की भावनाओ का सम्मान करें। सभी जनप्रतिनिधि गोठ गाँव मे बारिस से प्रवाहित कन्हैया खटीक के मकान को देखकर सरकार से सहायता दिलाने का आश्वाशन भी दिया । इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य तिलक सिंह तोमर, बीरेन्द्र खटीक, रेशमा देशराज कुशवाहा, सतीश उपाध्याय जनपद सदस्य, अतिबल सिंह, कदम सिंह, केशव सिंह, देवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र शर्मा एवं क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अथाई साहित्य समूह का अधिवेशन 25 व 26 को

**मुरैना।** सरिता जैन मुरैना ने बताया कि जयपुर में समन्वय वाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित अथाई साहित्य समूह का प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन 25 व 26 अगस्त को टोडरमल स्मारक के बाबूभाई सभागार में आयोजित किया जावेगा। जिसमें 25 अगस्त को लोकेश कुमार सिंह साहिल के मुख्य आतिथ्य में सायं 8 बजे काव्य गोष्ठी व 26 अगस्त को प्रातः 9.30 पर प्रसिद्ध साहित्यकार नन्द भारद्वाज की अध्यक्षता तथा न्यायमूर्ति पानाचंद जी के मुख्य आतिथ्य व डा.हुकमचंद भारिल्ल के आतिथ्य में सम्मान समारोह व अधिवेशन का प्रथम सत्र आयोजित होगा। इस अवसर पर साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए समन्वय वाणी अथाई गौरवरत्न से 12 विभूतियां को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सत्र अपरान्ह 2 बजे से रिटायर्ड आईपीएस अनिल जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। समूह के कार्याध्यक्ष डा.एन.के.खींचा ने बताया कि अथाई समूह के संस्थापक डा अखिल बंसल का 70वॉं जन्म दिवस इस सत्र का विशेष आकर्षण है। कार्यक्रम में मिलापचंद डण्डिया, डॉ एनके खींचा, किशोर भाई भण्डारी, शैलेन्द्र जैन एडवोकेट, सुरेन्द्र पाण्डया, डा.शांति पाटिल, परमात्म प्रकाश भारिल्ल, श्यामसुंदर विजय, आर.के. अग्रवाल, गोपाल शर्मा प्रभाकर एवं देश के कौने-कौने से पधारे कलमकार कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे। इस दौरान अखिल सेतु एवं अन्य पुस्तकों के विमोचन भी होंगे।

## थाना भवन का केंद्रीय गृहमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**कैलारस।** थाना कैलारस में नवीन थाना भवन का लोकार्पण भारत सरकार के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया।




इस अवसर पर कैलारस में जौरा विधायक ने उपस्थित होकर फीता काटकर नवीन थाना भवन का लोकार्पण किया। विदित हो कि कैलारस थाना बर्षो से पुरानी इमारत में संचालित था, पुलिसकर्मियों की सुविधाओं को देखते हुए कैलारस थान के लिए नवीन भवन का लोकार्पण किया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि जौरा विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार रजौधा सहित एसडीओपी संजय कौच्छा, निरीक्षक वेदेंद्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी कैलारस, थाना कैलारस पुलिस बल मौजूद रहा। इसके अलावा कैलारस भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू गुप्ता, कैलारस मंडल अध्यक्ष हेमंत धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष पति ब्रजेश बंसल एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## यातायात नियमों का पालन कर जीवन सुरक्षित बनाएं: पुलिस अधीक्षक



**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मंगलवार की दोपहर यातायात थाने के प्रांगण में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई और पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा हेलमेट वितरित किए गए। इस अवसर पर यातायात प्रभारी अखिल सिंह ने भी आमजन को हेलमेट वितरित किए तथा यातायात में सहयोग देकर अपना जीवन सुरक्षित बनाने की अपील की। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा उपस्थित आमजन को बताया गया कि कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर उसका उपयोग करें, शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं, हेलमेट लगाकर वाहन चलाएं।

# प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षक के दुर्व्यवहार से ज्ञानोदय छात्रावास के छात्र परेशान

### अधीक्षक को दिया ज्ञापन, कहा कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे भूख हड़ताल



**मुरैना।** ग्राम महाराजपुर के पास स्थित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक द्वारा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है एवं शासन से मिलने वाली योजनाओं एवं लाभों से वंचित किया जा रहा है। विद्यालय में रहने वाले छात्रों ने छात्रावास अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है और कहा है कि कार्यवाही नहीं हुई तो वह भूख हड़ताल पर बैठेंगे। विद्यालय में रहने वाले कक्षा 10 के छात्रों अनुराग, कुशल, सोनू, संदीप, कुमकुम, नेहा, साक्षी, पूनम, अनुष्का, अरविंद, सचिन, अबकेस, अंकित, अमर, नितेश आदि ने बताया कि विद्यालय विद्यालय में पदस्थ अध्यापक रविशंकर शर्मा जो कि गणित विषय के शिक्षक हैं, उनके द्वारा छात्रों से कहा जाता है कि जिन छात्रों को मेरी पढ़ाई समझ नहीं आती, वह कक्षा से बाहर निकल जाए और ऐसे ही अध्यापन कर आऊंगा, जो करना है कर लो। छात्रों ने बताया कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा पिछले 2 वर्षों से कंप्यूटर होते हुए भी कंप्यूटर की क्लास नहीं लगाई जा रही हैं एवं निर्धन छात्राओं को जानबूझकर कम्प्यूटर क्लास से वंचित किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य द्वारा गरीब छात्र-छात्राओं को जानबूझकर शासन की सभी योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। इस संबंध में विद्यालय के छात्र आयुक्त को 2 अगस्त तो शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं पर कोई अमल नहीं हुआ है। सभी छात्र-छात्राओं ने प्रभारी प्राचार्य एवं अध्यापक रविशंकर को तत्काल हटाने की मांग की है।

## मारपीट के आरोपियों को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** मारपीट करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील जौरा जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण राजेन्द्र शर्मा पुत्र बासुदेव शर्मा उम्र 50 वर्ष, त्रिलोकी शर्मा पुत्र बासुदेव शर्मा उम्र 40 वर्ष, राधे शर्मा पुत्र बासुदेव शर्मा उम्र 45 वर्ष एवं प्रद्युमन पुत्र महेश शर्मा उम्र- 20 वर्ष समस्त निवासीगढ ग्राम छत्तरपुरा थाना देवगढ जिला मुरैना को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 323/34, 325/34 में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 1500-1500 रूपये (कुल 6,000/- रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि फरियादी बासुदेव ने थाना देवगढ पर उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि दिनांक 27अक्टूबर 2014 को समय 10:30 बजे आरोपीगण राजेन्द्र, राधे, त्रिलोकी व प्रद्युमन पेड काट रहे थे। फरियादी ने उन्हें पेड काटने से मना किया तो आरोपी राजेन्द्र, राधे व त्रिलोकी ने लाठियों से मारपीट की जिससे उसके चोट होकर खून निकलने लगा। फरियादी का भाई राजेश उसे बचाने आया तो आरोपी त्रिलोकी व प्रद्युमन ने उसके भाई की भी लाठियों से मारपीट की। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना देवगढ पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## मेंटेनेंस कार्य के चलते आज ग्रामीण अंचल में बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**अंबाह।** आज बुधवार को 132 केवी लाइन दिमनी पर कार्य होने के कारण 33केव्ही थरा, रछेड, गूंज बंधा, ऐसाह, डोंडरी, खेरली फीडर पर विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उक्त फीडरों पर सप्लाई बंद होने के कारण थरा, इनानकी, पलना, नावली, सिंहपुरा, जलकानगरा, करौली माता रोड, रछेड, रुधावली, एमएलडी कॉलोनी, रूअर, ढकपुरा, विजयगढ़, उसैद महुआ, गुढा, फुल साय का पुरा, डोडरी, लालपुरा, कुरेठा, रजौधा, साडू पुरा, दोहरोटा, चापक, भदावली, शाहपुरा, जनकपुर, ओरेठी, नगरा, सिलावली, धोर्रा, कुथियाना, जखोना, ग्यासी पुरा, भगपुरा, सबसुख गुंजाबधा, बरवाई, रतनवसई, मिढेला आदि में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# चम्बल के बढते जलस्तर के चलते एसडी एम ने की राजस्व अमले की तैनाती



**अम्बाह।** मध्य प्रदेश व राजस्थान में हो रही लगातार बारिश के चलते नदी में लगातार जलस्तर बढ़ रहा है, जिसमें मुरैना राजघाट पुल पर दोपहर करीब 3 बजे 138 मीटर पानी पहुंच चुका है जो खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर चला गया है, वहीं अंबाह के उसैद घाट पुल पर 128 मीटर तक जलस्तर पहुंच गया है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एहतियातन के तौर पर अंबाह अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया ने अंबाह क्षेत्र के कुछ गांवों में बाढ़ की संभावना को देखते हुए राजस्व अमले की तैनाती कर दी है व जिन गांव में डूब की प्रबल संभावना है, उन्हें खाली कराकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है, साथ ही उनके लिए खाने-पीने का प्रबंध किया गया है। अंबाह एसडीएम राजीव समाधिया ने बताया कि अंबाह तहसील के बीलपुर ग्राम पंचायत के छेकुरियन का पुरा, घेर, कंचन पुर व विस्वा पुरा के पास पानी काफी नजदीक पहुंच गया है, जिससे दोनों गांव को एहतियातन खाली कराया गया है और लोगों को अस्थाई कैंपों में सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है, उनकी रहने खाने की प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था की गई है वं मौके पर राजस्व अमला पूरी नजर रखे हुए हैं ,जो समय समय पर ग्रामीणों को सूचना देने का कार्य कर रहे हैं।

## आवासहीनों के आशियानों को नहीं उजाडा जाए: माकपा



**कैलारस।** आवासहीनों को आवास के पट्टे और आवास दिए जाएं। उन्हें नहीं उजाडा जाए। इन मांग को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी तथा अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के नेतृत्व में नगर परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में पट्टा धृति अधिकारों का प्रदाय किया जाना अधिनियम 2013-14 को लागू करने की मांग की गई। साथ ही जल प्रदाय योजना की डीपीआर का अवलोकन कर उसे धरातल की स्थिति के अनुसार संशोधित करने की भी मांग उठाई गई। महिला और पुरुषों ने एकत्रित होकर नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रभारी उपयंत्री श्री पांडे को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन भी दिया है। इस कार्रवाई के दौरान ज्ञापन देने वालों को माकपा नेता अशोक तिवारी, महेश प्रजापति, राजेश गुप्ता, इब्राहिम शाह, उर्मिला जाटव आदि ने संबोधित किया।

# अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर 21 वें दिन भूख हड़ताल पर बैठा महिलाओं का जत्था




**कैलारस।** नगर कैलारस में ब्रॉडगेज निर्माण के कार्य में वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 7 तक के नागरिकों के लिए समुचित व्यवस्था नहीं रखी गई है। दो अंडर ब्रिज बस स्टैंड के लिए तथा एक अंडर ब्रिज गांधी मार्ग के लिए रखा गया है। जबकि कैलारस की लगभग 18 हजार आबादी इन 7 वार्डों में निवासरत है। जनता की ओर से अस्पताल आने जाने के लिए अंडर ब्रिज बनाने की मांग करने के बाद भू अंडर ब्रिज की स्वीकृति प्रदान नहीं की जा रही है। इस मांग को लेकर नागरिक गण अस्पताल के सामने 21 दिनों से हड़ताल पर हैं। इसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भूख हड़ताल पर महिलाओं ने अपना जत्था बिठाया है, जिसमें श्रीमती सलमा बानो, श्रीमती मिथिलेश श्रीवास, श्रीमती कुन्ती जाटव, श्रीमती हलको जाटव आदि शामिल है। जिन्हें मोहल्ला वासियों ने पूर्ण समर्थन देकर बिठाया है। बिठाने वालों में सर्वश्री डा0 दशरथ सिंह कुशवाह, नंदलाल खरे, गब्बर सिंह गोहिल, रामवीर कुशवाह, नरेश जाटव, इलियास खान, रामप्यारी जाटव, नीतू सिंह गोहिल आदि प्रमुख रहे। नागरिक गणों ने निर्णय लिया है कि समस्या का हल नहीं होने तक भूख हड़ताल, धरना प्रदर्शन, सत्याग्रह व आंदोलन जारी रहेंगे।

# कलेक्टर मुरैना को हटाने पोरसा तहसील पर पत्रकारों ने धरना देकर दिया ज्ञापन



**मुरैना।** जिलाधीश बी कार्तिकेयन को मुरेना से हटाने की मांग को लेकर पोरसा तहसील पर पत्रकारों ने एक दिवसीय क्रमिक धरना देते हुए तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। गौरतलब है कि 5 अगस्त को सभापति निर्वाचन के दौरान मीडिया को प्रतिबंधित करने एवं अभद्रता पूर्ण व्यवहार करने से आक्रोशित जिले भर के पत्रकारों द्वारा मुरैना जिले में पिछले 18 दिनों से पत्रकारों का धरना प्रदर्शन एवं विरोध लगातार जारी है। 5 अगस्त 2022 से पत्रकार लगातार प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल एवं केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद नरेंद्र सिंह तोमर सहित जिले के सभी विधायक और मंत्री दर्जा प्राप्त प्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर असंवेदनशील कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने की मांग कर चुके हैं, बावजूद इसके अभी तक सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया। परिणाम स्वरूप कलेक्टर बी कार्तिकेयन के खिलाफ जिलेभर में आम जनमानस सहित अधीनस्थ कर्मचारी वर्ग और पत्रकार साथियों में कलेक्टर के व्यवहार को लेकर आक्रोश पनपता जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए पत्रकारों ने क्रमिक धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में मंगलवार को जिले की पोरसा तहसील में पत्रकार साथियों ने क्रमिक धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर बी कार्तिकेयन को तत्काल हटाने की मांग की है। साथ में पत्रकारों ने यह निर्णय भी लिया है कि जब तक कलेक्टर बी कार्तिकेयन को मुरैना से नहीं हटाया जाएगा, तब तक पत्रकारों का क्रमशः आंदोलन और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# एयू फाउंडेशन बैंक द्वारा विलेज लेवल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** –बिलाड़ा एयू बैंक और एयू फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता जिसमें एथलेटिक्स फुटबॉल , वॉलीबॉल , कबड्डी, थ्रो बॉल, की सीरवी मोती सिंह स्टेडियम मैं 20/8/2022 से 22/8/2022 तक खेली गई तीसरे दिन खेलो के फाइनल मैच मैं दर्शको और खिलाड़ियों का जोश खुशी व मेडल जितने की खुशी बच्चो मैं देखी गई एयू कोच निकिता प्रजापत ने बताया हैं कि समापन मैं मुख्य अतिथि नगर पालिका बिलाड़ा के अधिशाषी अधिकारी जितेन्द्र सिंह भाटी व विशिष्ट अतिथि एईएन राजेश देवडा व अति विशिष्ट अतिथि एयू बैंक के प्रबंधक जैतारण से धर्मेंद्र जी उपस्थित थे साथ ही इन्डसड बैंक के अधिकारी रामनिवास व कांग्रेस प्रवता जितेंद्र सिंह राठौड़ स्टेडियम कोच सुरेंद्र सिंह काग, चैनाराम पीटीआई, टीपू सुलतान ,कैलाश,लेखराज ,कृष्ण गोपाल लक्षकार व टिकम सिंह ग्राउंड मैनेजर, आदित्य प्रजापत,निकिता प्रजापत, राहुल प्रजापत, राकेश,हरीश राव, नरेश सेन, प्रशांत सीरवी, जितेंद्र मेघवाल, अयूब खां, अजय पन्नु, संजय, ओम प्रकाश, मुरलीधर, देव कंवर, हेमंत गिरी,नीतू सीरवी, हापुराम प्रदेश अध्यक्ष पीटी आई संघ जितेंद्र पूरी एथलेटिक्स टीम जिसने तीन दिन प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में सहयोग किया व समस्त शारीरिक शिक्षक बिलाड़ा खंड के अधिकारी मौजूद रहे। मेडल जितने वाले बच्चो मैं खुशी की लहर छा गई व अब ये हमेशा स्टेडियम मैं अभ्यास करेंगे व जिला, राज्य स्तर पर भाग लेंगे एयू बनो चैंपियन विलेज लेवल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के फाइनल विजेता व उपविजेता व गोल्ड सिल्वर व ब्रांज मेडल जितने वाले खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है। टीम इवेंट फुटबॉल विजेता ,अंडर ट्ठ13 वर्ष गोल्ड मेडल एफ सी बिलाड़ा व सिल्वर मेडल बिलाड़ा लिजेंट ,अंडर ट्ठ17 वर्ष गोल्ड मेडल जूनियर उचियाडा क्लब व सिल्वर मेडल एफ सी बिलाड़ा ओपन केटेगरी ट्ठ गोल्ड मेडल श्री आई जी उचियाडा व सिल्वर मेडल एफ सी कापरडा वॉलीबॉल विजेता अंडर -17वर्ष गोल्ड मेडल रा.उ.मा.वि. रणसीगांव व सिल्वर मेडल डेविड क्लब बिलाड़ा,ओपन केटेगरी ट्ठ गोल्ड मेडल जेतिवास रॉयल्स व सिल्वर मेडल जी.एस.एस.हरियाडा, बालिका वॉलीबॉल ,ओपन केटेगरी ट्ठ गोल्ड मेडल आई जी बिलाड़ा व सिल्वर मेडल शिवनगरी कबड्डी बालिका ,ओपन केटेगरी ट्ठगोल्ड मेडल पिचियाक व सिल्वर मेडल स्वामी विवेकानन्द क्लब बिलाड़ा, एथलेटिक्स बालक



100 मीटर, अंडर ट्ठ10 वर्ष गोल्ड मेडल धीरेन भार्गव ,सिल्वर मेडल जियान, ब्रांज़ मेडल जुबेर ,अंडर ट्ठ 13 वर्ष गोल्ड मेडल रुद्रप्रताप सिंह, सिल्वर मेडल मुरलीधर, ब्रान्ज मेडल दिव्यांशु भायल,अंडर ट्ठ 17 वर्ष गोल्ड मेडल राकेश राठौड़, सिल्वर मेडल तेजस चौधरी, ब्रॉज मेडल रोहन,ओपन केटेगरी ट्ठ गोल्ड मेडल हेमंत गिरी,सिल्वर मेडल हरीश बोहरा, ब्राज मेडल रविंद्र,100 मीटर बालिका ,अंडर ट्ठ 10 वर्ष गोल्ड मेडल नेहल, सिल्वर मेडल वंदना सीरवी, ब्राज मेडल हिमांशी कंवर अंडर ट्ठ13वर्ष गोल्ड मेडल कनिष्का चौधरी, सिल्वर मेडल खुशबू सीरवी, ब्राज मेडल अंजली सीरवी,अंडर ट्ठ 17वर्ष गोल्ड मेडल सुहानी देवड़ा, सिल्वर मेडल हर्षिता, ब्राज मेडल पूनम सोनी, 200 मीटर बालक ,अंडर ट्ठ10वर्ष गोल्ड मेडल कृष्णा, सिल्वर मेडल कपिल चौहान,ब्राज मेडल मोहित पटेल,अंडर ट्ठ13वर्ष गोल्ड मेडल सानू, सिल्वर मेडल रुद्रप्रताप, ब्राज मेडल करण जांगिड़ ,अंडर ट्ठ17वर्ष गोल्ड मेडल विक्रम जोशी, सिल्वर मेडल पियूष जांगिड़, ब्राज मेडल असरफ,ओपन केटेगरी ट्ठ गोल्ड मेडल हेमंत गिरी, सिल्वर मेडल मकबूल,ब्राज मेडल तेजाराम 200 मीटर बालिका अंडर ट्ठ10वर्ष गोल्ड मेडल नेहल वर्मा, सिल्वर मेडल वर्षा, ब्राज मेडल नेहा भार्गव,अंडर -17वर्ष गोल्ड मेडल हिमांशी, सिल्वर मेडल कोमल सीरवी, ब्राज मेडल निकिता, ओपन केटेगरी -गोल्ड मेडल सुल्ताना, सिल्वर मेडल तेजस्विनी लक्षकार, ब्राज मेडल अफरोजा, 400 मीटर बालक अंडर -13वर्ष गोल्ड मेडल दिव्यांशु पुनावत, सिल्वर मेडल करण, ब्राज मेडल दीपक अंडर ट्ठ17 वर्ष गोल्ड मेडल आदित्य प्रजापत, सिल्वर मेडल तेजस चौधरी, ब्राज मेडल विक्रम जोशी 400 मीटर बालिका अंडर 13वर्ष गोल्ड मेडल धुर्विका,सिल्वर मेडल आचल, ब्राज मेडल हिमांशी कंवर,अंडर 17वर्ष गोल्ड मेडल पलक पूनावत,सिल्वर मेडल मोनिका,ब्राज मेडल हिमांशी ,ओपन केटेगरी गोल्ड मेडल निकिता प्रजापत, सिल्वर मेडल कविता प्रजापत, ब्राज मेडल फालू, 1500 मीटर बालक अंडर ट्ठ13वर्ष गोल्ड मेडल अनिल पटेल, सिल्वर मेडल मुरलीधर, ब्राज मेडल सुरेश गुर्जर ,अंडर ट्ठ17वर्ष गोल्ड मेडल आदित्य प्रजापत, सिल्वर मेडल टिकम सिंह, ब्राज मेडल लक्की भार्गव,ओपन केटेगरी ट्ठगोल्ड मेडल रविंद्र, सिल्वर मेडल कैलाश, ब्राज मेडल गौतम 1500 मीटर बालिका ,अंडर ट्ठ17वर्ष गोल्ड मेडल पलक पूनावत,सिल्वर मेडल मोनिका सीरवी,ओपन केटेगरी ट्ठगोल्ड मेडल निकिता प्रजापत,सिल्वर मेडल रेखा चौधरी, ब्राज मेडल कविता प्रजापत ,लॉन्ग जंप बालक अंडर ट्ठ13वर्ष गोल्ड मेडल मुरलीधर, सिल्वर मेडल अनिल पटेल, ब्राज मेडल दिव्यांशु, अंडर ट्ठ17वर्ष गोल्ड मेडल सुनील भाटिया, सिल्वर मेडल विकास, ब्राज मेडल राकेश,ओपन केटेगरी ट्ठगोल्ड मेडल शिवराज सिंह, सिल्वर मेडल गणपत काग,ब्राज मेडल संजय कुमार,लॉन्ग जंप बालिका ,अंडर ट्ठ13वर्ष गोल्ड मेडल धुर्विका सिसोदिया, सिल्वर मेडल आंचल सिसोदिया,अंडर ट्ठ17वर्ष गोल्ड मेडल अक्षा, सिल्वर मेडल चंचल, ब्राज मेडल सोनू,ओपन केटेगरी ट्ठ गोल्ड मेडल रेखा, सिल्वर मेडल मीनाक्षी, ब्राज मेडल रेखा चोधरी ने जीता।

# जिला पंचायत सीईओ विवेक कुमार ने वीसी के माध्यम से किया गया जन प्रतिनिधि संवाद

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बालाघाट विदित हो कि दिनांक 22/08/2022 को दोपहर 2 बजे से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट श्री विवेक कुमार द्वारा जिले के सभी जनपदों से जन प्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । संवाद कार्यक्रम में सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, व खंड पंचायत अधिकारी के साथ सभी जनपद सदस्य,ग्राम पंचायतों के नव निर्वाचित सरपंच गण उपस्थित रहे ,कारक्रम में सीईओ जिला पंचायत द्वारा वन टू वन प्रतिनिधियों द्वारा बताई गई शिकायतों को सुना गया। सभी शिकायतों का जिला स्तर व जनपद स्तर से उचित निराकरण किए जाने हेतु आश्वासन



दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से सड़क,पुलिया और पक्के भवन तथा स्कूली शिक्षा के क्षेत्र से शिकायते जनप्रतिनिधियों द्वारा गिनाई है।जनपद लांजी के जनप्रतिनिधियों द्वारा जर्जर ग्राम पंचायत को पुनः निर्माण तथा रोड,पुलिया बनाए जाने की समस्या से अवगत कराया गया।जिसका निराकरण किए जाने की बात सीईओ सर बालाघाट द्वारा की गई।

# युवा संगठन शंकरटोला का हुआ गठन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बालाघाट संगठन के बिना मानव जीवन की कोई भी क्रिया व्यवस्थित रूप से नहीं चल सकती है। हम संगठन में ही जन्म लेते हैं, शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा हममें से अधिकांश लोग संगठन में ही अपना जीवन व्यतीत करते हैं। संगठन के बिना प्रबन्ध वैसे ही प्रभावहीन है जैसे बिना आत्मा के शरीर। और इसी बात को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत उमरी अंतर्गत शंकर टोला के ग्रामीणों ने उन्हें होने वाली समस्याओं के निराकरण को लेकर युवा संगठन शंकरटोला का गठन किया है। जिसका उद्देश्य गांव का सर्वांगीण विकास करना, तथा समस्याओं का निवारण कैसे करें इसका निराकरण शिघ्र हो। इन सभी को ध्यान में रखकर संगठन का गठन किया गया है। ज्ञात हो कि बारिश के दिनों में शंकरटोला टापू में तब्दील हो जाता है जिससे वहां निवासरत लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



### संगठन में इन्हें दी गई जिम्मेदारी

युवा संगठन शंकरटोला के अध्यक्ष राजेश बुधराम हरिनखेडे, उपाध्यक्ष गिरधारी मारुति हरिनखेडे, महासचिव मुकेश प्रीति लाल हरिनखेडे , कोषाध्यक्ष नितेश हिरदीलाल जी हरिनखेडे , संगठन मंत्री महेश बृज लाल तुरकर, सह संगठन मंत्री नंदकिशोर छोटेलाल हरिनखेडे, योगेश दशरथ हरिनखेडे, कमलेश योगराज हरिनखेड़े , ओमप्रकाश छत्रपाल हरिनखेडे, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र छोटेलाल हरिनखेडे एवं सदस्यगण जिनमें गोविंद हरिनखेडे , गजानंद, उल्लास राम समीर ,दीपक ,राजेश , नरेश, खोमेश , स्वप्निल , सुरेंद्र, वीरेंद्र, लक्ष्मीचंद , जितेंद्र , विनोद, दिनेश ,सुनील ज्ञानेश्वर , सचिन ,रवि ,जीतू, राकेश, रितेश दिनेश, कन्हैया लाल, विजय, आदेश, निलेश, दुर्गेश,आकाश, प्रकाश , राजेंद्र पटले , वीरेंद्र, संजय बागड़े, जयेंद्र चौहान को बनाया गया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अम्बाह का सदस्यता का भव्य शुभारंभ...




**अम्बाह**...एमएलडी कोचिंग इंस्टिट्यूट से हुआ जिसमें नगर अध्यक्ष आरएस राठौर ने बताया विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन हैं। इसकी स्थापना छात्र हित और छात्रों को उचित दिशा देने के लिए की गयी है. ष्उद्देश्य – अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। विद्यार्थी परिषद के अनुसार, छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए छात्रों में राष्ट्रवादी चिंतन को जगाना ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य है। देश की युवा छात्र शक्ति का यह प्रतिनिधि संगठन है। इसकी मूल अवधारणा राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष आर एस राठौर, नगर उपाध्यक्ष विष्णु चक्रवर्ती, नगर मंत्री भुवनेश गुधेनिया, सह महाविद्यालय प्रमुख हर्ष श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# नौवीं फेल 20 स्टूडेंट्स को पैसे लेकर किया पासः डीईओ ने हायर सेकेंडरी स्कूल मोहनगढ़ के प्राचार्य को सस्पेंड कर तीन वेतन वृद्धियां रोकी

**टीकमगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी ने मोहनगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।**

**स्कूल के करीब 20 छात्र छात्राओं को प्राचार्य ने पैसे लेकर पास होने की अंकसूची जारी कर दी।**

**शिकायत के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संकुल प्राचार्य को नोटिस जारी किया है।**

**सुनील कुमार अहिरवार**

डीईओ की ओर से जारी किया गए पत्र में लिखा है कि शिकायत में प्राप्त दस्तावेजों से साफ तौर पर जाहिर हो रहा है कि मोहनगढ़ प्राचार्य ने




जानबूझकर फेल छात्रों को पास होने की अंकसूची दी है। ऐसा एक दो नहीं बल्कि 20 छात्रों के साथ किया गया है। ऐसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर 3 दिन के अंदर जवाब मांगा है। इसके अलावा मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 1,2,3 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रभारी प्राचार्य एमपी खरे को निलंबित करते हुए तीन वार्षिक वृद्धियां रोक दी गई हैं। साथ ही प्राचार्य को 3 दिन के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गंभीर लापरवाही का मामला

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अमर चंद वर्मा का कहना है कि फेल छात्र छात्राओं को पास करना गंभीर लापरवाही का मामला है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट में शिकायत सही पाए जाने पर प्राचार्य को सस्पेंड कर तीन वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही प्राचार्य से 3 दिन के अंदर जवाब मांगा गया है।

# एसपी राजेश सिंह चंदेल की मौजूदगी में शहर में निकाली हेलमेट जागरूकता अभियान

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी में मंगलवार को यातायात जागरूकता अभियान के तहत शिवपुरी पुलिस ने हेलमेट रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने हरी झंडी दिखाकर किया। शिवपुरी पुलिस द्वारा निकाली गई इस रैली का मुख्य उद्देश ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था।

रैली शहर के पोहरी बस स्टैंड चौराहा, एमएम हॉस्पिटल चौराहा, झांसी तिराहा, गुरुद्वारा चौराहा, कमलागंज, गांधी पार्क, ग्वालियर बायपास, गुना बाईपास, माधव चौक, कोर्ट रोड सहित विभिन्न रास्तों से होकर गुजरी। जिसका समापन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर हुआ। रैली के दौरान पुलिस के द्वारा माधव चौक से बिना हेलमेट लगाए घूम रहे बाइक चलाने वालों को हेलमेट लगाकर आगे से बाइक चलाने की शपथ दिलाई। इस शपथ कार्यक्रम में ऐसे लोगों ने खुद ही हिस्सा लिया जो फिलहाल




बाइक पर नहीं थे साथ ही माधव चौक पर आयोजित इस हेलमेट लगाकर बाइक चलाने को लेकर दिलाई गई शपथ की खूब सराहना की हुई। इस मौके पर राजेश ने बताया कि लगातार सुप्रीम कोर्ट के द्वारा निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि अगर लोग यातायात के नियमों का पालन करेंगे तो घटनाओं में काफी गिरावट देखने को मिलेगी इसी के चलते लोगों को जागरूक करने के लिए शिवपुरी पुलिस द्वारा 22 अगस्त से 27 अगस्त तक यातायात जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इन दिनों में शिवपुरी जिले की जनता को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया जाएगा। राजेश ने बताया कि शिवपुरी शहर में थीम रोड सहित शहर से जुड़े हुए फोर लाइन हाईवे है जिन पर कई युवा तेज रफ्तार से फर्राटा भरते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं ऐसी स्थिति में अगर लोग हेलमेट का प्रयोग करेंगे तो हादसों में निश्चित ही गिरावट देखने को मिलेगी। थींम रोड़ पर स्पीड लिमिट रखी गई है जिसके कोशन बोर्ड भी लगाए गए हैं इसके बावजूद भी लोग अपने वाहनों को तेज रफ्तार से चलाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसी के चलते इन 7 दिनों में जिले भर में लोगों को यातायात के नियमों के बारे में अवगत कराया जाएगा जिससे आगामी समय में होने वाले हादसों पर लगाम लगाई जा सके। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी अजय भार्गव, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सुनील खेमरिया, देहात थाना प्रभारी विकास यादव, फिजिकल थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौर के साथ महिला पुलिस अधिकारी एवं पुलिस विभाग के कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर नमन करने जायगे NSS के स्वमसेवक दीपक पाल

**रिपोर्टर महेंद्र सिंह रजक**

पिछोर शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का स्वयंसेवक दीपक पाल अंतर्राष्ट्रीय हुसैनीवाला बाघा बॉर्डर अमृतसर जायगे उक्त जानकारी देते हुए डॉ एसएस खंडेलवाल जिला संगठक रासेयो शिवपुरी ने बताया कि विगत महा 23 जुलाई को चंद्रशेखर आजाद जी की जन्म जयंती पर भोपाल में यूथ महापंचायत का आयोजन माननीय खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया द्वारा किया गया था जिसमें शिवपुरी जिले के 8 सदस्य दल ने भागीदारी की थी एव संपूर्ण मध्यप्रदेश से चयन प्रक्रिया के माध्यम से दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ था उक्त कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने घोषणा की थी कि यूथ महापंचायत में प्रतिभागीता करने वाले सभी युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत भ्रमण पर भेजा जाएगा,

उसी तारतम्य शिवपुरी जिले पिछोर छत्रसाल महाविद्यालय से एक छात्र का चयन हुआ अंतराष्ट्रीय सीमा हुसैनीवाला बाघा बॉर्डर अमृतसर पंजाब जाएगा जिसमें प्रथम दल छात्रों का 23 अगस्त को रवाना होगा जिसमें शिवपुरी जिले 2 छात्र स्वयंसेवक भागीदारी कर रहे हैं जिनमें दीपक पाल हितार्थ भार्गव का नाम शामिल है साथ ही सीमाओं पर उस पावन भूमि को नमन करेंगे एव कैसे हमारे सुरक्षा बल अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा करते हैं एवं उनके



कार्य प्रणाली को समझेंगे एव कैसे एक सैनिक समस्त कठनाइयों का सामना करते हुए अपने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए ततपर है। इस देश भक्ति की भावना को भी आत्मसार करंगे साथ ही वहां की मिट्टी को भी अपनी जिले में लाएंगे, स्वयं सवकों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार व राष्ट्रीय सेवा योजना जिला शिवपुरी परिवार ने बधाई दी है

# ग्वालियर पुलिसने "सायबर क्राईम अवेयरनेस" विषय पर किया सेमीनार का आयोजन

### जेडी इंस्टिट्यूट आफफेषन टैक्नोलोजीग्वालियर के छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव के संबंध में दी जानकारी





**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस द्वारापुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देष पर जिले में ''सायबर काईम अवेयरनेस'' प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इसी प्रोग्राम के तहत आज दिनांक को ग्वालियर पुलिस द्वारा''जेडी इंस्टिट्यूट आफ फेषन टैक्नोलोजी'' मेंएक सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमीनार में संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं कार्यरत स्टॉफ सहित 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ग्वालियर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देष्य यूवा पीढ़ी को सायबर अपराध के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सायबर अपराधों की रोकथाम करना भी है।

जेडी इंस्टिट्यूट आफ फेषन टैक्नोलोजीग्वालियर मेंआयोजितसेमीनार के प्रारंभ मेंअति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया द्वारा सेमीनार में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टॉफ को सायबर अपराधों से जुड़ी विभिन्न केस स्टडीज के बारे में जानकारी दी।इसके साथ ही उन्होने वर्तमान समय में पुलिस के समक्ष आने वाली सायबर क्राईम संबंधी शिकायतों से साझा किया। उनके द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को सेक्सट्रॉर्सन, सोशल मीडिया फ्रॉड, कॉल सेंटर के माध्यम से किये जाने वाले फ्रॉड, लॉटरी के नाम पर किये जोन वाले फ्रॉड आदि की विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। उन्होने अपने व्याख्यान के दौरान कहा कि हम सभी को स्मार्ट फोन का उपयोग करते समय विषेष सावधानियां बरतनी चाहिये। क्योंकिआपके द्वारा की गई एक गलती आपको सायबर अपराधियों के चंगुल मे फंसासकती है। इसी वजय से अपने स्मार्ट फोन का उपयोग बेहदसावधानीपूर्वक करें साथ ही अपनी निजी जानकारी किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। आपकी सजकता आपको सायबर अपराधों का षिकारबनने से बचासकती है। उनके द्वारा वर्तमान परिवेष में तकनीकी के इस्तेमाल से हो रहे अपराधों की जानकारी भी दी गई। तद्उपरांत ग्वालियर सायबर सेल प्रभारी उनि0 रजनी सिंह रघुवंषी द्वारा सेमीनार मे उपस्थित सभी प्रतिभागियों को फायनेंषियल फ्रॉड जैसे- ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, जॉव फ्रॉड, मेट्रोमोनियल फ्रॉड, सोषल मीडिया फ्रॉड, स्टॉकिंग, बुलिंग, रेन्समवेयरआदि के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही उनके द्वारा सायबर अपराधों की रोकथाम के लिये ग्वालियर पुलिस द्वारा किये जा रहे प्रयासों के संबंध में भी जानकारी प्रदाय की। इस सेमीनार में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध के साथ प्रभारी सायबर सेल उनि0 रजनी सिंह रघुवंशी, आर0 जैनेन्द्र गुर्जरतथा जेडी इंस्टिट्यूट आफफेषन टैक्नोलोजी के संस्थापक श्री मनोज बंसल एवंकॉलेज स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

## अतिथि शिक्षक चयन में बरती अनियमितता की जांच हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को लिखा पत्र

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** विकासखण्ड लांजी अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में वर्ग 2 विज्ञान विषय के अतिथि शिक्षक चयन में बरती गई अनियमितता की जांच कर योग्य अतिथि शिक्षक का



चयन कराने के लिए प्रार्थी राधेश्याम लिल्हारे पिता कवलचंद लिल्हारे, ग्राम वारी, तहसील लांजी ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है। राधेश्याम लिल्हारे ने बताया कि वह विगत 4 वर्षों से अतिथि शिक्षक वर्ग 2 विज्ञान विषय में कार्यरत रहा हूं। मेरे स्कोरकार्ड में कुल 192.7 स्कोर है। पत्र में लिखा है कि महोदय जी यह कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में वर्ग 2 विज्ञान विषय के अतिथि शिक्षक चयन में अनियमितता बरती गई है। उक्त विद्यालय में पूराना पैनल उपलब्ध होने के बावजूद भी गुप्त तरीके से बिना कोई विज्ञापन जारी किए नया आवेदन लेकर सांठगांठ करते हुए विज्ञान विषय के लिए किसी पितम चौरिवार का चयन किया गया, जो शासन के नियमों के खिलाफ है। जिन्हें विज्ञान विषय के लिए चुना गया है उनका स्कोर 192.5 है। महोदय जी आपसे निवेदन है कि उक्त अतिथि शिक्षक चयन प्रक्रिया की जांच कर योग्य अतिथि शिक्षक का चयन किया जाएं।


***यह है अतिथि शिक्षक चयन का नियम***

अतिथि शिक्षक के चयन को लेकर नियम यह कहता है कि यदि विद्यालय में पूराना पैनल उपलब्ध है तो सर्वप्रथम पुराने पैनल में शामिल आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएं। और यदि उस पैनल में शामिल आवेदक अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराते हैं तो उनके द्वारा लिखित में आवेदन लिया जाना चाहिए तदोपरांत दुसरे आवेदक को आमंत्रित किया जाए। यदि कोई भी आवेदक नहीं आता है तो ऐसी स्थिति में नये आवेदन लेकर पुनः पैनल बनाकर अतिथि शिक्षक चयन करें। लेकिन शिकायत कर्ता राधेश्याम लिल्हारे के अनुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में एसा नहीं किया गया है। जिसकी जांच की मांग कर उचित उम्मीदवार का चयन करने की अपिल की है।

## अम्बाह चंबल नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुये मुरैना एडीएम भार्गव व अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया ने पूर्ण तैयारियो के साथ दिये आवश्यक निर्देश...






**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** प्रदेश में हो रही अति वर्षा के कारण दूसरी बार कोटा बैराज से चंबल नदी में छोड़े गए पानी से नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिसकी वजह से किनारे पर बसे गांव में जलभराव जैसी स्थिति ना बने इस हेतु मुरैना एडीएम नरोत्तम भार्गव व अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया व सीइओ मेडम व तहसीलदार व एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा व थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाइच ने बीलपुर कुथियाना घेर गॉव में पहुंच चंबल नदी का निरीक्षण कर जलस्तर को देखा तो बीलपुर कुथियाना के पास घेर गॉव से 30 परिवार व छैकुरिन के पुरा से 38 परिवार व कंचन पुरा से 07 परिवार व बिस्सा पुरा से 14 परिवार यानि 380 सदस्यो को शंकर जी के मन्दिर पर व बीलपुर नया हाईस्कूल पर सामान के साथ सभी को सुरक्षित स्थान पर ब्यबस्थित कराया है साथ ही 70 भैस व 67 बकरियो के साथ सभी सामान व ब्यक्तियो को सुरक्षित जगह पर पहुचबाया है जनपद अम्बाह की तरफ से खाने के लिये दो राहत कैम्प लगाकर भोजन ब्यबस्था का इन्तजाम किया गया है प्रसासन की पूरी टीम ने रडुआ पुरा कछपुरा आदि गॉव गॉव जाकर सभी को अलर्ट कर चंबल के किनारे वाले गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों को समझाइश दी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को बाढ़ जैसी हालत बनने पर सतत् निगरानी रखने एवं बढ़ते जल स्तर की सूचना से तुरंत अवगत कराने हेतु निर्देश दिए हैं। उन्होंने संभावित बाढ़ से राहत एवं बचाव कार्य हेतु बचाव दल एवं समस्त तैयारियां पूर्ण रखे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है

## चंबल नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड ।** कोटा बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी से चंबल नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है 21-22 अगस्त को गांधीसागर से लगभग 6000 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया था है,जिससे चंबल नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी 23 अगस्त की शाम से देखने मिल रही है ।अभी की स्थिति में ऊदी घाट पर चंबल का जलस्तर 119.90 मीटर है जो की ख़तरे के निशान से ऊपर चल रही है यह जल स्तर 24 अगस्त तक 122-123 मीटर जा सकता है। इसी के साथ अभी प्राप्त जानकारी अनुसार गांधी सागर से लगभग 12 हज़ार क्यूमेक्स पानी आज छोड़ा गया है जिसका असर चंबल के जलस्तर पर लगभग 30-40 घंटे बाद यानी 24 की शाम एवं 25 की सुबह में देखने को मिलेगा।अनुमान अनुसार इससे चंबल का जल स्तर 12 मीटर तक बढ़ कर 128 मीटर जा सकता है।जिससे अटेर के 20-25 ग्राम प्रभावित हो सकते है। जिला प्रशासन का चंबल किनारे के सभी ग्रामों में निवासरत व्यक्तियों से अनुरोध है कि नदी किनारों से दूर रहे,सुरक्षित स्थानो पर निवास करें।जिला प्रशासन द्वारा इस हेतु नदी किनारे के ग्रामों का निरीक्षण कर ग्रामीण व्यक्तियों को समझाईश भी दी जा रही है। इसके साथ सुरक्षात्मक रूप में एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ के दलो को मय बोट विभिन्न स्थानो पर तैयार रखा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ विभाग द्वारा ग्रामों में गर्भवती महिलायें एवं अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों का चिन्हांकन कर स्वास्थ एवं सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें नज़दीकी स्वास्थ केंद्र पर ले जाने हेतु अनुरोध भी किया जा रहा है।

## पुलिस थाना पिछोर की टीम ने शराब पीकर बिना ड्राइविंग लाइसेंस के मोटरसाइकिल चलाने वाले चालक को दबोचा कोर्ट ने ठोका चालक पर रुपए 16000 का जुर्माना

**राकेश परिहार**

**पिछोर,**पुलिस थाना पिछोर की जबरदस्त कार्रवाई पुलिस थाना पिछोर की टीम ने दबोच कर खतरनाक ढंग से शराब पीकर बिना ड्राइविंग लाइसेंस की मोटरसाइकिल चलाने वाला कोर्ट ने ठोका मोटरसाइकिल चालक रुपया 16000 का जुर्माना व बिना




ड्राइविंग लाइसेंस की चालक को मोटरसाइकिल देने पर मालिक पर रु 5000 का जुर्माना किया पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया व एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर की निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में चलाए जा रहे गुंडा विरोधी अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना पिछोर की टीम ने छत्रसाल कॉलेज के सामने आम रोड पर अनिल लोधी निवासी वाचरोन को मोटरसाइकिल खतरनाक ढंग से चलाते पकड़ा जो शराब पिए हुए व उसके पास मोटरसाइकिल चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था पुलिस थाना पिछोर ने अनिल का मेडिकल कार्य तू डॉक्टर साहब ने लोधी को शराब पीकर मदहोश होना मेडिकल रिपोर्ट में लिखा अनिल लोधी के पिता संग्राम लोधी ने अपनी मोटरसाइकिल बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चालक अपने पुत्र अनिल लोधी को दी थी अनिल लोधी के विरुद्ध धारा 184, 185,/3181 द्व1 एक्ट की कार्रवाई की जबकि मोटरसाइकिल मालिक उसके पिता संग्राम लोधी पर धारा 5/180 द्व1 एक्ट की कार्रवाई की न्यायालय श्रीमान अमनदीप सिंह छाबड़ा जेएमएफसी पिछोर ने आज मोटरसाइकिल चालक ने लोधी पर रुपए 16000 का जुर्माना मोटरसाइकिल मालिक उसके पिता संग्राम लोधी पर रु 5000 का जुर्माना किया है कुल ?2 1000 का जुर्माना किया शराब पीकर तेज गति से व खतरनाक ढंग से वाहन चलाने ओवरलोड वाहन चलाने से आए दिन रोड एक्सीडेंट होते हैं जिससे कई व्यक्ति अपनी जान गवां चुके हैं और कई घायल भी हुए हैं रोड हादसे का सबसे बड़ा कारण बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना व ओवरटेक करना भी है मध्य प्रदेश पुलिस यातायात सुरक्षा सप्ताह मना रही है जिससे रोड एक्सीडेंट में कमी हो सके इसके अलावा भविष्य में भी शराब पीकर वाहन चलाने वाले तेज गति व खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध थाना पिछोर का अभियान जारी रहेगा ताकि रोड एक्सीडेंट पर नियंत्रण किया जा सके थाना पिछोर की टीम में एसआई शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक अरविंद यादव हिमांशु चतुर्वेदी आरक्षक बृजेश राणा रूपेंद्र यादव प्रदीप कौरव शामिल रहे

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया बिरसा क्षेत्र की शालाओं का निरीक्षण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने आज 23 अगस्त को बिरसा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला कबराटोला, प्राथमिक शाला मालूमझोला, बालक आश्रम शाला मालूमझोला, प्राथमिक शाला समनापुर एवं हाईस्कूल समनापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने समनापुर के छात्रावास का भी निरीक्षण किया। प्राथमिक शाला कबराटोला के निरीक्षण में शाला में दर्ज 34 में से 29 बच्चे शाला में उपस्थित पाये गये और मात्र 05 बच्चे अनुपस्थित पाये गये। कबराटोला की शाला में पदस्थ एक शिक्षक चिकित्सा अवकाश पर थी। शाला के एक शिक्षक का वर्ष 2012 से अन्य कायार्लय में अटैच होना पाया गया। प्राथमिक शाला मालूमझोला में 31 में से 22 बच्चे उपस्थि?त पाये गये। आश्रम शाला मालूमझोला में 30 में से 29 बच्चे उपस्थिलत पाये गये। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि जिले के दूरस्थ क्षित्र की शालाओं में बच्चों की उपस्थि ति बहुत अच्छी पायी गई है। उन्होंने शालाओं के निरीक्षेण कि दौरान बच्चों के पढ़ाई का स्तीर भी जांचा, जो संतोषजनक पाया गया। उन्होंने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र तैयार करने एवं वितरण की भी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि बच्चों के जाति प्रमाण पत्र वितरित किये जा चुके है और कुछ शालाओं में वितरण का काम चल रहा है।

# अध्यापक एक बार फिर आंदोलन की राह पर शासकीय शिक्षक संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### मांगें पूरी न होने पर करेंगे उग्र आंदोलन

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** शासकीय शिक्षक संगठन म.प्र. के प्रांताध्यक्ष राकेश दुवे के आव्हान पर अध्यापक संवर्ग एवं नवीन शिक्षक संवर्ग की प्रदेश स्तरीय समस्यओं के निराकरण की मांग को लेकर गत दिवस शासकीय शिक्षक एकजुट हुये तथा अपनी मांगों के समर्थन में डिप्टी कलेक्टर अंकुर गुप्ता को जिलाध्यक्ष पवन अवस्थी के नेत्रत्व में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश उपाध्यक्ष इरशाद कुरेंशी एवं जिला संयोजक अरविन्द सरैया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शासकीय शिक्षक संगठन म.प्र. के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय पाराशर एवं उपाध्यक्ष यादवेन्द्र चौधरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता भदौरिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में वताया कि शिक्षा कर्मी, गुरूजी एवं संविदा शिक्षक से अध्यापक होते हुए राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त नवीन संवर्ग की सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से करते हुये वरिष्ठता देने एवं वर्ष 2006 में नियुक्त संविदा शिक्षकों की प्रथम क्रमोन्नति एवं 1998-1999 में नियुक्त शिक्षा कर्मियों को द्वितीय क्रमोन्नत का लाभ देने एवं पुरानी पेशन योजना बहाल करने, अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण 30 दिवसों में निर्धारित करने, ग्रेच्युटी की सुविधा का पूर्ण लाभ प्रदान किये जाने तथा जिला स्तर पर लंबित मांगों में सातवे वेतनमान की तृतीय किस्त का भुगतान, हड़ताल अवधि के वेतन का भुगतान तथा जिले में शेष रहे कर्मचारियों की सर्विस बुक का शत प्रतिशत सत्यापन किये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर अंकुर गुप्ता को जिला अध्यक्ष पवन अवस्थी के नेत्रत्व में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता भदौरिया, रिजवाना खांन, बीना गोलिया, तनुजा गर्ग, प्रीती शुक्ला, रीता श्रीवास्तव, कल्पना व्यास, मीना शौर्य, कालिन्दी श्रीवास्तव, नीलम षिवहरे, ओमवती कुशवाह, रानी माहौर, गुड्डी सैन, अंगद सिंह तोमर, संजीव अग्रवाल, विजय भदौरिया, रामकृष्ण रघुवंषी, केपी जैन, उमेश करारे, बृजेन्द्र भार्गव, महावीर मुदगल, वीरेन्द्र अवस्थी, राजू शर्मा पिपरघार, व्लॉक अध्यक्ष कोलारस दीपक भागौरिया, बदरवास हरिराम यादव, नरवर राजेन्द्र सिंह तोमर, करैरा से ब्लॉक अध्यक्ष वालीराम जाटव, मुकेश गौतम, सुनील राठौर, राजेश खटीक, लोकेश वोवल, संजय जैन, विपिन पचौरी, मनोज श्रीवास्तव, जय प्रकाश गुप्ता, वलराम त्रिपाठी, हरीप्रकाश कटारे, श्रीनिवास भार्गव, वीएस पाण्डेय, प्रमोद शर्मा, रामशरण दुवे, नरेश भार्गव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ज्ञापन के अंत में जिला मीडिया प्रभारी मनोज कोली, कीरत सिंह लोधी व अरविन्द वर्मा द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया गया। अन्य कर्मचारी संगठनों में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजाबाबू आर्य, प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार सरैया, आजाद अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा, अवधेश तोमर, पेंशन संघ के जिलाध्यक्ष जनक रावत, शासकीय सेवक सेतू भारत के जिलाध्यक्ष अमरदीप श्रीवास्तव, आदि ने भी उपस्थित होकर इस आंदोलन का अपना समर्थन दिया है।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण तत्काल करें: निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के निराकरण व अन्य समस्याओं के लिये सभी संबंधित अधिकारी नियमित रुप से क्षेत्र में भ्रमण करें तथा जहां भी समस्या पाई जाती है उसका तत्काल निराकरण करायें। सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल, उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निगम के प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान निगमायुक्त श्री कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन एवं पत्रों का रिव्यु करते हुए कहा कि जुलाई माह की 755 सीएम हेल्पलाइन पेंडिंग है। जिसमें सबसे ज्यादा सीवरेज की है। स्वच्छता, भवन अनुज्ञा, अतिक्रमण, प्रकाश व्यवस्था, आवारा पशु, आवारा कुत्तों की शिकायतें हैं, सभी शिकायतों का तत्काल निराकरण करें।

इसके साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि जिन वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी जनमित्र केंद्र के निरीक्षण के लिए लगाई है वह एक-दो दिन में जनमित्र केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण करें वहां जो भी कमियां हैं उनकी रिपोर्ट तैयार कर उन्हें पूर्ण कराएं। साथ ही जीएमसी 360 पर आने वाली समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ उसी दिन करें। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त श्री कन्यालने कहा कि जनप्रतिनिधियों के 259 पत्र लंबित हैं उन पत्रों का निराकरण प्राथमिकता के साथ अगले हफ्ते तक निराकरण करें। इसके साथ ही कलेक्टर टीएल के आने वाले आवेदनों का निराकरण भी शीघ्रता से करें। साथ ही हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के आवेदनों का निराकरण भी प्राथमिकता के साथ किया जाए। इसके साथ ही शहर में स्थित रैन बसेरों का व्यवस्थाओं को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## आगरा-ग्वालियर सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे : प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

ग्वालियर। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि आगरा से ग्वालियर तक 160 किलोमीटर लम्बे सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे के निर्माण से ग्वालियर-चंबल अंचल में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। यह एक्सप्रेस-वे ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों सहित आगरा-धौलपुर एवं झाँसी के विकास में भी क्रांतिकारी साबित होगा। यह एक्सप्रेस-वे मंजूर करने के लिये प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं ग्वालियर के सांसद श्री विवेक शेजवलकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि सिक्स लेन के एक्सप्रेस-वे निर्माण से परिवहन की अच्छी सुविधाएँ मिलने के साथ-साथ क्षेत्र के औद्योगिक विकास में भी तेजी आयेगी। यह एक्सप्रेस-वे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे एवं यमुना एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर बनेगा, जो ग्वालियर के निरावली तिराहे से प्रारंभ होकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। आगरा से ग्वालियर तक बनने जा रहे सिक्सलेन एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ेंगीं और स्थानीय निवासियों को नए-नए रोजगार धंधे मिलेंगे।

## पूर्व सांसद, पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर जी की पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने किया याद



ग्वालियर। पूर्व सांसद, पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर जी की 22 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नगर निगम मुख्यालय, तरण पुष्कर के पास स्थित स्व. शेजवलकर की प्रतिमा पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में सांसद श्री विवेक शेजवलकर, पूर्वमंत्री श्रीमती माया सिंह, जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, वेदप्रकाश शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजौरिया, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, ध्यानेंद्र सिंह मामा, राजू सेंगर, विनोद शर्मा, हरीश मेवाफरोश, प्रमोद खंडेलवाल, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, कनवर मंगलानी, राकेश माहौर, नीलिमा शिंदे, मीना सचान, रेखा धोलाखंडी, देवेंद्र पवैया, राकेश शर्मा, यशवर्धन जैन, महेश जायसवाल, प्रांशु शेजवलकर, जयंत शर्मा, प्रयाग सिंह तोमर, मुरारीलाल मित्तल सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## हनुमान भक्त कर रहे हैं हर मंगलवार को अशंख्य हनुमान चालीसा के पाठ



ग्वालियर। संकट मोचन हनुमान बालाजी मंदिर गोल पाड़ा पर विगत दो माह से हर मंगलवार को रात्रि में लगभग डेढ़ सौ भक्त जनों के द्वारा अशंख्य हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ किए जाते हैं। पाठ करने वाले भक्त जनों एवं सेवकों का कहना और मानना है कि हनुमान जी महाराज के हनुमान चालीसा पाठ करने से मनोवांछित फल मिलता है। जो वह पा रहे हैं । साथ ही आत्मशक्ति मिल रही है। इसलिए वह हर मंगलवार को यहां आकर हनुमान चालीसा के पाठ करते हैं। मंदिर में मेहंदीपुर बालाजी महाराज की तर्ज पर सवा मन का विधिवत भोग लगाया जाता है। उसके पश्चात भंडारा प्रसादी भक्तजन पाते हैं। हर मंगलवार को नए स्वरूप में चरण सेबक जगवीर दास द्वारा मूर्ति का अभिषेक चोला श्रृंगार किया जाता है। अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण में कोई बाधा ना आए उसके लिए प्रतिदिन हवन यज्ञ जारी है। आज हनुमान चालीसा पाठ करने वालों में मुख्य रूप से किशन सिंह तोमर, संजय जैन, दीपक श्रीवास्तव, श्याम कुमार शर्मा, राहुल माहेश्वरी, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, अरुण तिवारी, राज परेता, हरिनारायण शर्मा, विजेंद्र कुमार वर्मा, सुरेश गोयल, सुरेंद्र परमार, यशपाल तोमर, कमल किशोर श्रीवास्तव, रामा देवी शर्मा, भारती बत्रा, विमला श्रीवास्तव, सुमन शर्मा, ममता बड़ेरिया, निधि सिकरवार आदि भक्तजन शामिल रहे।

## लंदन में अपना दम दिखाएगी ग्वालियर की निहारिका

**वर्मिंघम में होने वाली 10वीं कॉमनवेल्थ कराते चैंम्पियनशिप में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व**



ग्वालियर। शहर की कराते चैम्पियन निहारिका कौरव 7-8 सितंबर को इंग्लैंड में होने वाली 10वीं कॉमनवेल्थ कराते चैंम्पियनशिप में शिरकत करने लंदन जाएंगी। मध्य प्रदेश से चयनित इकलौती चैंम्पियन निहारिका 68 किलो सीनियर वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके अलावा वे 23 से 25 सितंबर तक टर्की में आयोजित होने वाली वर्ल्ड कराते सीरिज-ए में भी शिरकत करेंगी। कराते एसोसियेशन ऑफ ग्वालियर के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय एवम सचिव संतोष पाण्डेय ने बताया कि अचीवर्स मार्सल आर्ट कराते अकादमी ग्वालियर के कोच अमित यादव और राकेश गोस्वामी के प्रशिक्षण का परिणाम है कि ग्वालियर की बेटी अब लंदन में अपना दम दिखाएगी। निहारिका ने देश-विदेश की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनेक मेडल हासिल किए हैं। पुणे में संपन्न हुई नेशनल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर उनका चयन वर्मिंघम के लिए हुआ है। वे चार सितंबर को दिल्ली से लंदन के लिए रवाना होंगी। मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर एवं सचिव महेश सिंह कुशवाह ने उम्मीद जताई है कि इंग्लैंड में जीत हासिल कर मध्य प्रदेश सहित पूरे देश का नाम रोशन करेगी।

## कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 90 से अधिक फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं



ग्वालियर। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में मंगलवार को 90 से अधिक फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं। जन-सुनवाई में आए जाति प्रमाण-पत्र, नामांतरण, सीमांकन व बटवारा संबंधी प्रकरणों को त्वरित गति से निराकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही जरूरतमंदों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी जन-सुनवाई में कराया गया। इसके अलावा पात्र परिवारों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की रूपरेखा भी जन-सुनवाई में तय की गई।

## निगमायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए स्वच्छता को लेकर दिशा निर्देश



ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को अधिक बेहतर बनाने के उददेश्य से नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रुप से अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखें, कहीं भी स्वच्छता में लापरवाही मिली तो संबंधित के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने माधव नगर, चेतकपुरी, सिटीसेंटर, गोले का मंदिर, मेला रोड सहित अन्य कई क्षेत्रों में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां भवन निर्माण कार्य दिखा तत्काल संबंधित भवनों को अनुमति जांचने और भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालने को लेकर भवन स्वामियों को नोटिस देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान चेतकपुरी गेट पर ठेले लगाने वालों के द्वारा गंदगी करने पर फटकार लगाई गई। साथ ही सभी ठेले वालो से सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने की हिदायत दी गई और निगम अमले द्वारा जो पॉलीथिन उपयोग कर रहे थे उनकी पॉलीथित जप्त की।

निरीक्षण के दौरान ही सूर्य नमस्कार चैराहे के पास खुले में लघुशंका कर रहे एक युवक को देखकर निगमायुक्त श्री कन्याल ने अपनी गाडी रुकवाई और युवक को स्वच्छता जागरुकता अभियान के बारे में समझाया गया तथा खुले में लघुशंका न करने को लेकर हिदायत दी, इस पर संबंधित युवक द्वारा माफी मांगकर दोबारा कभी ऐसा न करने का संकल्प लिया और दूसरों को भी जागरुक करने का आश्वासन दिया गया।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने दीनदयाल नगर स्थित दंदरौआधाम आश्रम हनुमान मंदिर पर पहुंच कर दर्शन किये और मंदिर परिसर में पौधा रोपण करते हुए नींबू का पौधा रोपा।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, उपायुक्त मदाखलत श्री केशव सिंह चैहान, भवन अधिकारी श्री अमित गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर पूर्व श्री किशोर चैहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपने कल्याण का काम स्वयं ही करना पड़ेगा-मुनिश्री विनय सागर

**मुनिश्री विनय सागर महाराज ने पंडित विजय जैन आगरा को प्रतिष्ठाचार्य की उपाधि दी।**



ग्वालियर।अपने कल्याण की कामना करने वाले लोगों को तो अपने कल्याण का काम स्वयं ही करना पड़ेगा। जिस प्रकार बीमार होने पर ठीक होने के लिए दवाई तो स्वयं ही लेनी पड़ती है। संसार का काम तो कोई और भी कर लेगा, वह तो ऐसे ही चलता रहता है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर तत्वावधान में आज मंगलवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ की प्रहरी बाल विकास योजना के खिलाड़ियों ने भोपाल में दिखाया दम



ग्वालियर। सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में प्रहरी बाल विकास योजना के तहत विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों ने भोपाल में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता में अकादमी का नाम रोशन किया है। भोपाल के टी टी नगर स्टेडियम में 20 व 21 अगस्त आयोजित हुई 58वीं राज्य स्तरीय अन्तर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में प्रहरी बाल विकास योजना सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर के नौ बच्चों ने अपना दमखम दिखाया। सीमा सुरक्षा बल के बच्चों ने 2 स्वर्ण, 4 रजत व 3 कांस्य कुल 9 पदक हासिल किये। अकादमी के आर्यन प्रकाश ने अंडर-16 में ऊंची कूद व हैक्साथलान में स्वर्ण तथा लम्बी कुद में कांस्य पदक प्राप्त किया । इस प्रतियोगिता में आर्यन प्रकाश ने कुलदो स्वर्ण एक कांस्य, प्राची साक्या ने एक रजत व एक कांस्य, मौसम प्रजापति ने रजत, मयंक दहिया ने रजत, रिया ने रजत तथा विवेक ने कांस्य पदक प्राप्त किया तथा असमीत राणा व शिवम द्विवेदी चौथे एवं सोहेल खान पाँचवें स्थान पर रहे। सीमा सुरक्षा बल अपने कार्मिकों के मानसिक व शारिरिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखता है। इसी उद्देश्य से नियमित रुप से विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाता है। सीमा सुरक्षा बल आम जनता में भी खेलों तथा अन्य सामाजिक विषयो के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिये भी प्रयासरत रहता है। इसी क्रम में सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक ने गत वर्ष सेवारत एवं सेवानिवृत कार्मिकों के बच्चों की अच्छी शिक्षा तथा खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिये प्रहरी बाल विकास योजना की शुरूआत की है। जिसके अन्तर्गत सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में एथलेटिक्स व तैराकी में 10 साल से 14 साल के 18 प्रतिभाशाली बच्चों का चयन किया गया। ये सभी बच्चे गत वर्ष सितम्बर महीने से निदेशक सीमा सुरक्षा बील अकादमी एवं अन्तराष्ट्रीय कोच की सतत देखरेख में एथलेटिक्स ईवेंट्स का कठिन अभ्यास कर रहे हैं।

### अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि निर्धारित

ग्वालियर। जिले के मूल निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जायेगी। पहली कक्षा से दसवीं कक्षा तक अध्ययनरत विद्यार्थी 30 सितम्बर तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी तिथि तक छात्रवृत्ति के लिये नवीनीकरण भी कराया जा सकता है। इसी प्रकार अल्पसंख्यक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 11वीं एवं 12वीं कक्षा, आईटीआई डिप्लोमा, बीएड, एमफिल, पीएचडी, स्नातक, स्नातकोत्तर (तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को छोड़कर) में अध्ययनरत विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति व नवीनीकरण के लिये 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अल्पसंख्यक मैरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजनांतर्गत तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

### महिला आईटीआई में 25 अगस्त को प्रस्तावित रोजगार मेला स्थगित

ग्वालियर। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश एवं संकल्प योजना के तहत 25 अगस्त को महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिरलानगर में आयोजित होने वाला रोजगार मेला अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय ने बताया कि मेले की नई तिथि जल्द ही घोषित की जायेगी।

### मानसून थीम पर पारिवारिक मेम्बरों ने स्विमिं ग पूल पार्टी व खेले गेम्स

**स्विमिंग पूल पार्टी में संस्था के फैमली मेम्बरो ने बच्चों के संग की मौजमस्ती..।**

ग्वालियर- मानसून थीम जैन युवा सेवा मंडल मुरार की ओर से आज मंगलवार को शिवपुरी लिंक रोड स्थित ग्रीन पटेल रोसोर्ट मानसून थीम पर फन मस्ती, स्विमिंग पूल पार्टी मीटिंग आयोजित की गई। जैन युवा सेवा



मंडल के मीडिया प्रभारी सचिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जैन युवा सेव मंडल मुरार ओर से बच्चे, महिलाएं व पुरुष के लिए, हाउजी, चेयर रेस, कप्लश गेम्स, सप्राइज गेम्स खेले गये। संगीतकार राकेश जैन मनोहर गीत गाए। संस्था के अध्यक्ष सचिन जैन मुरार व सचिव मुकुल जैन ने सभी मेम्बरों का तिलक लगकर भव्य स्वागत किया। सभी को पुरुस्कार सयोजक राकेश जैन गायक, कार्यक्रम संयोजक आशीष जैन मनोज जैन, अध्यक्ष सचिन जैन मुरार, सचिव मुकुल जैन ने प्रदान किए। युवा सेवा मंडल के मीडिया प्रभारी सचिन जैन, निर्वती जैन, अर्पित जैन, रितिक जैन, अभिनव जैन, यतीश जैन, अभिनय जैन, अतुल जैन, मोहन जैन, अंशुल जैन, रजत जैन हनीश जैन, सौरभ जैन अंकुश जैन आदि मौजूद जैन,।

**ये रहे गेम्स के विजेता :** गेम्स के हाउजी में प्रथम विजेता दिव्यांशी जैन, दूसरा विजेता सोनम जैन, तीसरा ऋत्विक जैन। कपल बैलून गेम में सोनम पारस जैन विजेता रहे। बच्चो की चेयर रेस में अर्पित जैन जूनियर विजेता रहे। बॉलीबुड गानों पर 70 फैमली मेम्बरों ने गेम्स के साथ डांस व मस्ती से साथ आंनद लिया। आज ब्लू है पानी पानी और दिन भी सनी सनी आजाओ यार फोटो मेरी खींच....पानी दा रंग वेख के आंखियाँ चो हंजो रोड़ दे....संग तेरे पानियों सा, पानियों सा पानियों सा बहता रहूँ...मेघा रे मेघा रे, मत परदेस जा रे आज तू प्रेम का संदेस बरसा रे..जैसे मानसून थीम के बॉलीबुड गानों पर 70 फैमली मेम्बरों ने गेम्स के साथ डांस व मस्ती से साथ आंनद लिया। स्विमिंग के पास में सेल्पी जॉन बनाया गया। जिसमें मेम्बरों जमकर सेल्पी जॉन का भरपूर आनंद लिया।

### शहर की विभिन्न सडकों पर किया सडक संधारण का कार्य

ग्वालियर। शहर के मुख्य मार्गों को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा सडक संधारण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी के तहत आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न सड़कों पर सडक संधारण का कार्य किया गया। सहायक यंत्री पेच रिपेयरिंग शाखा श्री रोहित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शहर के नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिये, शहर के मुख्य सड़कों के गड्ढों को तेजी से भरने के लिए सडक संधारण का काम तेजी से किया जाए। निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देश के क्रम में आज मंगलवार को निगम के पेंच रिपेयरिंग अमले द्वारा वार्ड 28 स्थित इंदिरानगर, वार्ड क्रमांक 18 स्थित आदर्श नगर रोड, वार्ड क्रमांक 25 में सात नंबर चैराहे के पास।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478